www.bharatsamvad.in

R.N.I.No- UPHIN/2009/30939

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

प्रयागराज, लखनऊ तथा मुम्बई से एक साथ प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 40.c

30.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 98.700g

चांदी 97.000kg

ऐप में पढ़े E-PAPER भारत संवाद

Scan for E-Paper or Search on Play store Bharat Samvad E-Paper

2 अमेरिका को महान से सामान्य बनाते ट्रंप, शैक्षिक संस्थाओं के खिलाफ छेड़ी गई जंग

भारतीय से बदसलूकी पर अमेरिका बोला – अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं 06

वर्ष :17 अंक :70 प्रयागराज ,बुधवार , 11 जून , 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 1: 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## 20 लाख की रिश्वत मांगी, 10 लाख लेते ही रंगे हाथ धराए ओडिशा के आईएएस अधिकारी

ओडिशा सतर्कता विभाग ने रविवार को 2021 बैच के आईएएस अधिकारी धीमान चकमा को कथित तौर पर 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। ओडिशा के कालाहांडी जिले में उप-कलेक्टर के पद पर तैनात चकमा ने एक स्थानीय व्यवसायी से 20 लाख रुपये की मांग की थी और कथित तौर पर रिश्वत की एक किस्त स्वीकार कर रहा था। चकमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले व्यवसायी ने आरोप लगाया कि आईएएस अधिकारी ने मांगी गई राशि का भुगतान न करने पर उसके व्यवसाय के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार, उप-कलेक्टर ने उन्हें ओडिशा के धरमगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर बुलाया, रिश्वत की रकम ली और उसे वहां एक मेज की दराज में रख दिया। शिकायतकर्ता को धरमगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर बुलाया, रिश्वत की राशि ली और उसे अपनी मेज की दराज में रख लिया। अधिकारी ने कथित तौर पर अलग-अलग मूल्यवर्ग के 100 रुपये के नोटों के सभी 26 बंडलों की गिनती की और फिर नकदी को अपने आवास कार्यालय की मेज के दराज के अंदर रख दिया।

## घर में लगी आग से झुलसकर मां-बेटे की मौत

उत्तर प्रदेश में बांदा जिले की नरैनी कोतवाली क्षेत्र के देविन नगर मुहल्ले में रात घर में लगी आग से झुलसकर 24 साल की महिला और उसके नौ माह के बेटे की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी सोमवार को दी। नरैनी क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) कृष्णकांत त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि नरैनी कोतवाली क्षेत्र के देविन नगर मुहल्ले में रविवार की रात एक घर में अचानक आग लग गई, जिसमें झुलसकर अनु उर्फ अनीता (24) और उसके नौ माह के बेटे पार्थ की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मां-बेटे के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि महिला की शादी तीन साल पहले हुई थी। ससुर की कुछ साल पहले मौत हो चुकी थी और हादसे के वक्त महिला का पति शिवम परदेश (बाहर) में था। घर में सास, जान गंवाने वाली महिला और उसका मासूम बेटा था। महिला के मायके के लोगों ने दहेज के लिए जलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है, जिसकी जांच की जा रही है।

# पिछले 11 साल देश के लिए स्वर्णिम काल....

## सीएम योगी बोले- परिवारवाद की राजनीति जातिवाद को बढ़ावा देती है

**सशक्त संदेश**

**योगी ने कहा कि 2014 से पहले, हम एक कमजोर और अस्थिर अर्थव्यवस्था थे – भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था। पिछले 11 वर्षों में, यह ऊपर चढ़ा है और अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।**

एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल पूरे होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उनके नेतृत्व की सराहना की और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तहत शासन में आए बदलाव और भारत के बढ़ते वैश्विक कद पर प्रकाश डाला। आदित्यनाथ ने कहा कि शासन अब सभी की संतुष्टि और किसी के तुष्टिकरण पर आधारित है; देश ने इसे 11 वर्षों में देखा है, उन्होंने पहले के राजनीतिक मॉडलों के विपरीत लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण को रेखांकित किया। भारत की वैश्विक छवि पर पीएम मोदी के प्रभाव की प्रशंसा करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा, पीएम मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत किया है और भारत को एक पहचान दी है। उन्होंने मौजूदा सरकार की तुलना पिछली सरकारों से करते हुए कहा, कांग्रेस के 65 साल के शासन और अस्थिर सरकारों में आम लोगों का भरोसा खत्म हो गया था और वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचा था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 सालों में फिर से बहाल किया है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भाजपा 26 मई, 2014 को प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के शपथ ग्रहण की 11वीं वर्षगांठ मना रही है।

देश भर के पार्टी नेताओं ने आर्थिक सुधारों, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति की उपलब्धियों को मोदी के कार्यकाल की प्रमुख विशेषताओं के रूप में रेखांकित किया है।योगी ने कहा कि 2014 से पहले, हम एक कमजोर और अस्थिर अर्थव्यवस्था थे - भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था। पिछले 11 वर्षों में, यह ऊपर चढ़ा है और अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जब भारत अपना 75वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, तो पीएम मोदी के नेतृत्व में, हमने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया, जिस देश ने लगभग 200 वर्षों तक भारत पर शासन किया था। भारत एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है जो एक दशक में दोगुनी हो गई है।

उन्होंने कहा कि परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति जातिवाद को बढ़ावा देती है और देश की सामाजिक एकता को नुकसान पहुंचाती है... हमें इतिहास की गलतियों को दोहराने और अपनी आजादी को फिर से खोने से बचने के लिए वंशवाद की राजनीति को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के प्रति हमारी प्रतिक्रिया का जो स्वरूप 2014 से पहले था, अब हमने उसे बदल दिया है - कि भारत शांति का पक्षधर है।

# नदी में डूबने से आठ युवकों की दर्दनाक मौत

## सीएम भजनलाल शर्मा जताया दुख

**राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा का ट्वीट किया कि टोंक जिले में स्थित बनास नदी में युवकों की डूबने से हुई मृत्यु का समाचार अत्यंत दु:खद और पीड़ादायक है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को त्वरित रूप से रेस्क्यू एवं राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।**

एजेंसी



*राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा का ट्वीट किया कि टोंक जिले में स्थित बनास नदी में युवकों की डूबने से हुई मृत्यु का समाचार अत्यंत दु:खद और पीड़ादायक है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को त्वरित रूप से रेस्क्यू एवं राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दु:ख सहने की शक्ति दें। ॐ शांति!*

राजस्थान के टोंक जिले में मंगलवार को बनास नदी में डूबने से आठ युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये लोग नदी में तैरने गए थे, लेकिन यह मजेदार सैर एक भयानक त्रासदी में बदल गई। शुरूआती रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मृतक टोंक और जयपुर जिले के अलग-अलग इलाकों से थे। प्रत्यक्षदर्शियों और अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की मदद से घंटों की तलाशी के बाद सभी शवों को बरामद कर लिया। खबर फैलते ही माहौल गमगीन हो गया और जिला अस्पताल के बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई, जहां शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

इन सभी युवकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। हादसा बनास नदी पुराने पुल के पास कच्चा बंधा के समीप हुआ। उन्होंने बताया कि तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया गया। एक अधिकारी के अनुसार ये जयपुर के हसनपुरा इलाके के रहने वाले थे। उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी यह पता लगाया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। उन्होंने बताया कि तीन युवकों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताया और अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

# दिल्ली में अपार्टमेंट के सातवें फ्लोर पर आग लगी

## दो बच्चों और पिता ने बालकनी से छलांग लगाई; तीनों की मौत

**कई लोग रिहायशी इमारत में फंस गए, जबकि आग ने पूरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। एमआरवी स्कूल के पास सेक्टर-13 में सबद अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लगने की खबर मिली है। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि आग में घायलों की जानकारी अभी नहीं मिल**

एजेंसी



दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 में लगी भीषण आग के बाद एक इमारत की सातवीं मंजिल से कूदने की कोशिश कर रहे दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। आग शब्द अपार्टमेंट में लगी, जिसके बाद आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। कई लोग रिहायशी इमारत में फंस गए, जबकि आग ने पूरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। एमआरवी स्कूल के पास सेक्टर-13 में सबद अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लगने की खबर मिली है। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि आग में घायलों की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।दिल्ली पुलिस ने बताया कि दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की, दोनों की उम्र 10 साल) खुद को बचाने के लिए बालकनी से कूद गए और उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बाद में, उनके पिता, यश यादव, उम्र 35 साल, ने भी बालकनी से छलांग लगा दी और उन्हें भी कत्रृक अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। अग्निशमन अधिकारी के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह 10:01 बजे मिली, जिसके बाद आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग बुझाने का काम अभी चल रहा है और अधिकारी स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस, अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस मौके पर मौजूद हैं। दिल्ली के नांगलोई में फरवरी में दो मंजिला घर में आग लग गई। दोनों मंजिल आग की चपेट में आ गईं।

*अग्निशमन विभाग ने कहा कि आग लगने का कारण अभी तक अज्ञात है और किसी के घायल होने या नुकसान के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। अधिकारियों ने कहा कि आगे की जानकारी बाद में दी जाएगी। आपातकालीन सेवाओं को कुशलतापूर्वक संचालित करने के लिए क्षेत्र के निवासियों को साइट से दूर रहने के लिए कहा गया। नांगलोई में 6 लोगों ने दूसरी मंजिल से कूदकर जान बचाई थी*

## पहलगाम हमले को लेकर ममता बनर्जी ने केंद्र पर निशाना साधा, कहा- भाजपा लोगों की सुरक्षा में नाकाम

एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें देश की पश्चिमी सीमा पर आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य की सराहना की गई। हालांकि, पहलगाम आतंकी हमले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी के बाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में हंगामे की स्थिति देखने को मिली। प्रस्ताव में सशस्त्र बलों की राष्ट्र की सुरक्षा में उनके अटूट साहस के लिए सराहना की गई

# पीएम आवास पर मोदी की सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात

**विभिन्न दलों के सांसदों, पूर्व सांसदों और प्रतिष्ठित राजनयिकों से युक्त प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों की अपनी यात्राओं के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख और विश्व शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला था।**

एजेंसी

**पाकिस्तान का खोला था काला चिट्ठा**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उन सांसदों से मुलाकात की, जो ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के वैश्विक आउटरीच के हिस्से के रूप में सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के हिस्से के रूप में विदेश गए थे। डीएमके की कनिमोझी, भाजपा के रविशंकर प्रसाद, रेखा शर्मा और फंगनन कोन्याक, बीजेडी के सस्मित पात्रा और एआईएडीएमके के एम थंबीदुरई सहित कई सांसदों ने नई दिल्ली में पीएम के 7, लोक कल्याण मार्ग पर बैठक में भाग लिया।विभिन्न दलों के सांसदों, पूर्व सांसदों और प्रतिष्ठित राजनयिकों से युक्त प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों की अपनी यात्राओं के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख और विश्व शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला था। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ढांचों को नष्ट करने के लिए 7 मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। पाकिस्तानी हमलों के बाद की सभी जवाबी कार्रवाई इसी ऑपरेशन के तहत की गई।12 मई को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की स्थापित नीति है।

# भूमिहीन कैंप में बुलडोजर एक्शन

## विरोधी प्रदर्शन में शामिल हुईं आतिशी , पुलिस ने हिरासत में लिया

**दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा झुग्गी-झोपड़ी कैंप में स्थित घरों पर बेदखली के नोटिस चिपका दिए गए हैं, जिनमें अतिक्रमणकारियों को तीन दिन के भीतर स्थान छोड़ने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी गई है।**

एजेंसी



पूर्व सीएम आतिशी को दिल्ली पुलिस ने उस समय हिरासत में ले लिया जब वह कालकाजी के भूमिहीन कैंप में तोड़फोड़ विरोधी प्रदर्शन में शामिल थीं। आतिशी ने मंगलवार को दावा किया कि कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में तोड़फोड़ अभियान से पहले बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा झुग्गी-झोपड़ी कैंप में स्थित घरों पर बेदखली के नोटिस चिपका दिए गए हैं, जिनमें अतिक्रमणकारियो को तीन दिन के भीतर स्थान छोड़ने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी गई है।शिविर, जहां अधिकांश निवासी प्रवासी श्रमिक हैं, में पिछले कुछ वर्षों में तीन बार ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया है - इस वर्ष मई और जून में तथा जुलाई 2023 में। आतिशी ने एक्स पर लिखा कि कल भाजपा वाले भूमिहीन कैम्प पर बुलडोजर चलाने वाले हैं। आज वहाँ के झुग्गी वाले प्रोटेस्ट करने वाले थे तो भाजपा सरकार ने हजारों की संख्या में पुलिस और उफढक्र को भेज दिया है। रेखा गुप्ता जीः आपने तो कहा था कि कोई झुग्गी नहीं तोड़ेंगे? तो इतनी पुलिस और उफढक्र क्यों तैनात है?

# राजा रघुवंशी के अंतिम संस्कार में दिखे सोनम के प्रेमी राज कुशवाह

## बहन ने शेयर किया वीडियो

**ये जानकारी उनकी मां और परिवार के अन्य सदस्यों ने दी है। बता दें कि राजा रघुवंशी की बहन ने के सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर हुआ है जिसमें ये दावा किया गया कि राजा का शव पहुंचने के बाद राज कुशवाहा भी वहां मौजूद था। इस दौरान राज ने सोनम के पिता को सांत्वना दी।**

एजेंसी



राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश रचने के आरोप में कई गिरफ्तारियां हो चुकी है। इस कड़ी में मध्य प्रदेश से राज कुशवाहा को भी गिरफ्तार किया गया है। इसी बीच जानकारी आई है कि राज कुशवाहा को भी मृतक के अंतिम संस्कार में देखा गया था। ये जानकारी उनकी मां और परिवार के अन्य सदस्यों ने दी है। बता दें कि राजा रघुवंशी की बहन ने के सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर हुआ है जिसमें ये दावा किया गया कि राजा का शव पहुंचने के बाद राज कुशवाहा भी वहां मौजूद था। इस दौरान राज ने सोनम के पिता को सांत्वना दी। दावा किया गया कि राज कुशवाहा सोनम के पिता के दाहिनी ओर खड़ा है।इस मामले में पत्रकारों से बात करते हुए राजा रघुवंशी की माँ का कहना है कि जो लोग उनके बेटे के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे उन लोगों ने दावा किया।

**घोटाले** 2000 करोड़ के घोटाले से जुड़ा है मामला

# एसीबी ने मनीष सिसोदिया को भेजा दूसरा समन

एजेंसी



नयी दिल्ली। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कथित 2,000 करोड़ रुपये के क्लासरूम निर्माण घोटाले के सिलसिले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दूसरा समन जारी किया है। इससे पहले, सिसोदिया से सोमवार को एसीबी कार्यालय में पूछताछ होनी थी, लेकिन वे निजी कारणों से अधिकारियों के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। इस घोटाले में आरोपी दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को 6 जून को तलब किया गया था और एसीबी ने उनसे पूछताछ की थी। एसीबी ने 30 अप्रैल को घोटाले में जैन और सिसोदिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दिल्ली में पिछली आप सरकार के दौरान 12,748 कक्षाओं और इमारतों का निर्माण अत्यधिक बढ़ी हुई लागत पर किया गया था। आप सरकार में सिसोदिया शिक्षा मंत्री थे, जबकि जैन के पास लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का पोर्टफोलियो था। एफआईआर दर्ज करते समय, एसीबी ने कहा कि काफी विचलन और लागत में वृद्धि देखी गई, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ। इसमें कहा गया है, सलाहकार और वास्तुकार को उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना नियुक्त किया गया था, और उनके माध्यम से लागत में वृद्धि की गई थी। सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के बाद मामला दर्ज किया गया। एसीबी ने आरोप लगाया कि कक्षाओं का निर्माण 8,800 रुपये प्रति वर्ग फुट की बढ़ी हुई दर पर किया गया,

**सिसोदिया से सोमवार को एसीबी कार्यालय में पूछताछ होनी थी, लेकिन वे निजी कारणों से अधिकारियों के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। इस घोटाले में आरोपी दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को 6 जून को तलब किया गया था और एसीबी ने उनसे पूछताछ की थी।**

जबकि यह सर्वविदित है कि आवासीय फ्लैटों के लिए भी औसत लागत लगभग 1,500 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। इसमें कहा गया है

कि टेंडर के अनुसार प्रत्येक कक्षा के निर्माण की कुल लागत लगभग 24.86 लाख रुपये थी, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में आम तौर पर इसी तरह के कमरे लगभग 5 लाख रुपये में बनाए जा सकते हैं। यह मामला 2022 में सामने आया, जब दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने आप सरकार में सिसोदिया और जैन के कार्यकाल के दौरान कथित घोटाले की जांच की सिफारिश की और मुख्य सचिव को एक रिपोर्ट सौंपी। सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के बाद मामला दर्ज किया गया। एसीबी ने आरोप लगाया कि कक्षाओं का निर्माण 8,800 रुपये प्रति वर्ग फुट की बढ़ी हुई दर पर किया गया, जबकि आम जानकारी के अनुसार आवासीय फ्लैटों के लिए भी औसत लागत लगभग 1,500 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।

# सबक लिया है, सार्वजनिक सभाओं के लिए एक कानून बना सकते हैं: बेंगलुरू भगदड़ पर शिवकुमार



**शिवकुमार शहरी प्रशासन, नगर नियोजन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर चर्चा करने के लिए एमसीडी अधिकारियों के साथ एक बैठक में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में थे।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि राज्य ने हाल की भगदड़ से सबक लिया है और भविष्य में सार्वजनिक सभाओं के प्रबंधन के लिए एक कानून लाने पर विचार किया जा रहा है। दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह से एक मुलाकात के बाद शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, इससे सबक सीखने की जरूरत है। हम एक योजना लेकर आएंगे, हमारे पास भविष्य में भीड़ को संभालने के लिए नीतियां हैं। हमें एक कानून बनाना होगा, हम इस पर विचार कर रहे हैं। यह एक सबक है जो हमें सीखना होगा। कांग्रेस नीत कर्नाटक सरकार की आलोचना कर रहे विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए शिवकुमार ने कहा, वे शवों पर राजनीति कर रहे हैं। मुझे उनके लिए दुख है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल के फाइनल मुकाबले में पहली जीत का जश्न चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित किया गया था लेकिन स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई और 56 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे के बाद से ही राजनीतिक बयानबाजी जारी है और कर्नाटक में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्थिति को ठीक से नहीं संभालने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर निशाना साधा है।

# अमेरिका को महान से सामान्य बनाते ट्रंप, शैक्षिक संस्थाओं के खिलाफ छेड़ी गई जंग

अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पैदा हुए संकट का भारत के लिए सबसे बड़ा सबक और अवसर यह है कि इसे अपने छात्रों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए अपने शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान एवं नवाचार का स्तर सुधारना और उसे परिणामोन्मुखी बनाना चाहिए। भारत का एक भी विश्वविद्यालय दुनिया के सौ श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों में नहीं है।

पा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को मागा यानी फिर से महान बनाने के लिए दो मोर्चे खोल रखे हैं। बाहरी मोर्चे पर वह अमेरिका के दोस्तों और दुश्मनों से टैरिफ जंग लड़ रहे हैं। भीतरी मोर्चे पर अपनी शैक्षिक और प्रशासनिक संस्थाओं को वोक या वामपंथी विचारधारा के शिकंजे से मुक्त कराने की जंग लड़ रहे हैं। उनका मानना है कि टैरिफ जंग के बिना निरंतर बेकाबू हो रहे व्यापार घाटे को कम और निर्माण उद्योग को बहाल नहीं किया जा सकता ।इसी तरह संस्थाओं को वोक विचारधारा से मुक्त कराए बिना दक्षिणपंथी विचारधारा को वहां जगह नहीं मिल सकती। महाशक्ति होने के बावजूद जंग के मोर्चों पर अमेरिका का रिकार्ड बहुत उत्साहजनक नहीं रहा है। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद वह वियतनाम से लेकर अफगानिस्तान तक किसी जंग में स्पष्ट जीत नहीं हासिल कर पाया। इसलिए अमेरिका के अधिकांश लोग इन दोनों मोर्चों पर अमेरिका के संभावित नुकसान को लेकर चिंतित हैं। टैरिफ जंग से होने वाले नुकसान से भी बड़ी चिंता उन शैक्षिक संस्थाओं के खिलाफ छेड़ी गई जंग को लेकर है, जिनका अमेरिका को महाशक्ति बनाने में अप्रतिम योगदान रहा है ।इसमें दो राय नहीं कि कोलंबिया, हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड जैसे विश्वप्रसिद्ध अमेरिकी विश्वविद्यालय उत्कृष्टता एवं अनुसंधान के केंद्रों की जगह राजनीति प्रेरित विचारधाराओं का अखाड़ा बनते जा रहे हैं। इसके कारण देहात और छोटे शहरों में रहने वालों का एक बड़ा वर्ग मानने लगा है कि अमेरिका के शीर्ष



विश्वविद्यालयों के स्नातकों में वोक विचारधारा भर रही है। इसलिए बहाना भले ही यहूदी विरोध को समाप्त करने का हो, पर ट्रंप ने असल में अपने जनाधार को बचाने के लिए यह जंग छेड़ी है ।विश्वविद्यालयों से कहा जा रहा है कि छात्रों और प्राध्यापकों के चयन की प्रक्रिया, उनकी वैचारिक पृष्ठभूमि, पाठ्यक्रमों का वैचारिक संतुलन और परिसर की गतिविधियों का विवरण साझा करें। न करने पर केंद्रीय अनुदान बंद करने, टैक्स छूट समाप्त करने और विदेशी छात्रों के वीजा रोकने-रद करने की धमकियां दी जा रही हैं। ऐसी शर्तें मानने के बावजूद कोलंबिया विश्वविद्यालय का अनुदान रोक लिया गया। हार्वर्ड ने अपनी स्वायत्तता का हवाला देकर सरकार को अदालत में चुनौती दी। इसके बाद विदेशी छात्रों का वीजा रोकने के सरकारी आदेश को स्थगित कर दिया गया ।विश्वविद्यालय और अकादमियां अमेरिका की वैज्ञानिक, आर्थिक और सामरिक शक्ति का स्रोत रही हैं। दुनिया भर से श्रेष्ठतम प्रतिभाएं पढ़ने-पढ़ाने और शोध करने यहां आती हैं। वे नई-नई खोज करती हैं, उनका कारोबार एवं जीवन के विभिन्न पहलुओं में प्रयोग करती हैं और अमेरिका के विकास को गति देती हैं। विकास और शक्ति की दौड़ में अमेरिका के सबसे प्रबल प्रतिद्वंद्वी चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भी अपने बच्चों को पढ़ने के लिए हार्वर्ड भेजा था ।राष्ट्रपति रीगन के शब्दों में, अमेरिका में आपकी पृष्ठभूमि को नहीं, सपनों को महत्व दिया जाता है। यही अमेरिका का सबसे बड़ा आकर्षण रहा है। इस अकादमिक आजादी पर बंदिशों और निगरानियों के अंकुश लगाने पर प्रतिभाएं दूसरे ठिकाने खोज लेंगी। हिटलर के जमाने तक विज्ञान और अनुसंधान में सबसे बड़ी शक्ति जर्मनी था। विज्ञान के एक तिहाई नोबेल पुरस्कार जर्मन जीतते थे, जिनमें अधिकांश यहूदी होते थे। हिटलर के अत्याचारों से भागकर वे सब अमेरिका चले गए और तब से अमेरिका विज्ञान एवं अनुसंधान की सबसे बड़ी महाशक्ति बना हुआ है। विज्ञान के 41 प्रतिशत से अधिक नोबेल पुरस्कार अमेरिकी जीतते हैं। दुनिया की सौ चोटी के विश्वविद्यालयों में से 36 अमेरिका के हैं, जो अमेरिका की आर्थिक-सामरिक शक्ति की निर्माणशालाएं हैं ।अमेरिका के इस एकछत्र राज में अब चीन सेंध मार रहा है। विज्ञान के 82 प्रतिष्ठित शोधपत्रों में छपने वाले शोध लेखों की गुणवत्ता और संख्या के आधार पर शोध संस्थाओं का वर्गीकरण नेचर पत्रिका करती है। इसमें शामिल पहली 10 शोध संस्थाओं में हार्वर्ड को छोड़कर बाकी नौ चीन की हैं। गनीमत है कि हार्वर्ड इस तालिका में चोटी पर है। नए आविष्कारों के पेटेंट के मामले में तो अमेरिका चीन के आसपास भी नहीं। उनके लिए करीब आधे आवेदन अब अकेले चीन से आते हैं ।हां, प्रतिभाओं को आकर्षित करने में अमेरिका अब भी चीन से बहुत आगे है। हर साल दुनिया के 11 लाख से अधिक प्रतिभावान छात्र पढ़ने और शोध करने अमेरिका आते हैं। इनमें से एक तिहाई अकेले भारत के होते हैं। विज्ञान के नोबेल पुरस्कार जीतने वाले अमेरिकियों में से एक तिहाई आप्रवासी होते हैं। साफ्टवेयर बनाने वालों में 40 प्रतिशत आप्रवासी हैं और कैंसर संस्थानों में 60 प्रतिशत तक आप्रवासी विज्ञानी हैं। अमेरिका की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से पांच के प्रमुख आप्रवासी हैं। इनमें से दो भारतवंशी हैं ।चिंता इसकी है कि विश्वविद्यालयों के खिलाफ छिड़ी जंग से अमेरिका चीन पर हासिल अपनी उस बढ़त को भी गंवा सकता है, जो उसे विश्व की प्रतिभाओं को आकर्षित करने में हासिल है। विश्वविद्यालयों में विदेशी प्रतिभाओं का आना कम होने के साथ अमेरिकी प्रतिभाओं का पलायन भी शुरू हो गया है। गत अप्रैल में नेचर पत्रिका के एक सर्वेक्षण में भाग लेने वाले 1,600 से अधिक अमेरिकी विज्ञान शोधकर्ताओं में से 75 प्रतिशत ने कहा कि वे अमेरिका छोड़कर यूरोप, कनाडा और आस्ट्रेलिया जाने पर विचार कर रहे हैं। हार्वर्ड समेत अन्य अमेरिकी विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने वाले हजारों भारतीय छात्रों को अमेरिका में अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है ।अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पैदा हुए संकट का भारत के लिए सबसे बड़ा सबक और अवसर यह है कि इसे अपने छात्रों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए अपने शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान एवं नवाचार का स्तर सुधारना और उसे परिणामोन्मुखी बनाना चाहिए। भारत का एक भी विश्वविद्यालय दुनिया के सौ श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों में नहीं है। जब चीन के पांच विश्वविद्यालय इस तालिका में स्थान पा सकते हैं तो भारत के क्यों नहीं? देश का विकास केवल तक्षशिला और नालंदा की महत्ता गाने से नहीं, आज की यूनिवर्सिटियों को वैसा बनाने और यह सुनिश्चित करने से होगा कि वे राजनीति के अखाड़े बनने की जगह प्रायोगिक अनुसंधान और नवाचार के केंद्र बनें।

## सम्पादकीय

### पाकिस्तानी जासूसों का मकड़जाल, सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं और सर्विलांस का हो उपयोग

जैसे जसबीर सिंह ज्योति मल्होत्रा के फालोवर्स की संख्या बढ़ाने में आइएसआइ का योगदान रहा। इसके अलावा हनी ट्रैप के माध्यम से भी कई भारतीय नागरिकों को फंसाकर जासूसी कराई जाती है। अंतिम बिंदु है जिहाद का। इसके तहत आइएसआइ गजवा-ए-हिंद पर यकीन रखने या कट्टरपंथी सोच वालों को भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल करती है ।पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों की ओर से 26 निर्दोष भारतीयों की उनका मजहब पूछकर हत्या करने और आपरेशन सिंदूर के बाद से देश के अनेक हिस्सों से एनआइए सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बंगाल, असम आदि राज्यों में करीब दो दर्जन पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार किए हैं ।अब तक जो गिरफ्तारियां हुई हैं, उनमें सर्वाधिक चर्चित ज्योति मल्होत्रा है। वह एक ट्रैवल ब्लागर है। वह पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस पर दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग गई थी। वह अन्य मौकों पर भी वहां जाती थी। वह कई बार पाकिस्तान गई और वहां पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम शरीफ से भी मिली। उसके साथ जसबीर सिंह को भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह भी ब्लागर है ।इनके अलावा कुछ और गिरफ्तारियां हुई हैं। इनमें एक है रविंद्र मुरलीधर वर्मा, जो मुंबई में सुरक्षा ठेकेदार था। आरोप है कि उसने नौसेना के 14 जहाजों सहित सामरिक महत्व की कई जानकारियां पाकिस्तानी हैंडलरों को दी। वर्मा अपने कार्यालय जाकर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मानचित्रों, सूचनाओं और अभिलेखों को किसी तरह अपने लैपटाप के जरिये आइआसआइ के एजेंटों को भेजता था। एक अन्य अमन यादव को भी एनआइए ने जासूसी के आरोप में गोरखपुर से गिरफ्तार किया है ।सीआरपीएफ के मोतीराम जाट को भी पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ा गया है। यूपी एटीएस ने रामपुर से जिस शहजाद को गिरफ्तार किया, उसका पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारियों से संबंध था। यही कहानी हरियाणा के तारीफ की है। वह पांच बार पाकिस्तान गया और फिर एक लाख रुपये के लालच में उसने सेना के ठिकानों की जानकारी पाकिस्तानी उच्चायोग के उस अधिकारी को दी, जो उसे और उसके दोस्तों को पाकिस्तान का वीजा दिलाता था ।पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वालों में अजनाला के दो ऐसे लोग भी हैं, जो पहले दलित थे और फिर ईसाई बन गए थे। यह इसलिए हैरान करता है, क्योंकि पाकिस्तान में तो ईसाइयों पर बहुत अत्याचार होते हैं। नोमान इलाही, देवेंद्र सिंह ढिल्लन, मुर्तजा अली, सुखप्रीत, करनबीर, यासीन, गजाला खातून, सूरज मसीह जैसे अन्य लोग भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं।

## आज का विचार






## राशिफल

**मेष राशि ;** कहीं बाहर यात्रा का योग बन रहा है. परिवार के किसी सदस्य के साथ मंदिर में दर्शन के लिए भी जा सकते हैं. अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाह रहे हैं, तो बिजनेस संबंधित क्षेत्र से जुड़े लोगों से एक बार सलाह जरूर ले लें. माता-पिता के आशीर्वाद से आज आपको काम में अच्छे परिणाम मिलने से मन प्रसन्न होगा.

**वृष राशि:** जो लोग जॉब कर रहे हैं, आज उन्हें अपने अच्छे काम के लिये इन्क्रीमेंट मिल सकता है. वहीं जो लोग काफी दिनों से जॉब की तलाश में हैं, ऐसे संकेत हैं. उनकी तलाश आज पूरी होगी.

**मिथुन राशि :** आप बिजनेस में नई चुनौतियों से निपटेंगे. काफी दिनों से कोई रुका काम आज पूरा हो जायेगा. आपको ऑफिस में काम कर रहे लोगों से किसी प्रोजेक्ट को लेकर सलाह मिल सकती है, लेकिन आपको अपनी समझ से फैसले लेने की जरूरत है. आपको अपने काम में निरंतरता बनाये रखनी चाहिए

**कर्क राशि :** आपको हर काम में सावधान रहने की जरूरत है. किसी दूसरे व्यक्ति की वजह से आपके काम में जरूरत से ज्यादा समय लग सकता है. कुछ आदतों में सुधार लाने से आपका दिन बेहतर हो सकता है. जीवनसाथी के साथ आपको प्यार से बात करनी चाहिए

**सिंह राशि:** आप काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा कर सकते हैं. कोई व्यक्ति आपके विचारों को दबाने की कोशिश कर सकता है. अपनी पर्सनल बातें भूलकर भी दूसरों से शेयर नहीं करना है. आपकी आय में वृद्धि होने की उम्मीद नजर आ रही है. मेहनत का फल आपको जरूर मिलेगा.

**कन्या राशि:** आपके सितारे बुलंद रहने वाले हैं, आपको कहीं से अचानक धनलाभ हो सकता है। आप सारे काम बखूबी पूरा करेंगे. आपको अपनी संतान से पूरी मदद मिलेगी. कुछ जरूरी लोगों से आज आपकी मुलाकात हो सकती है. ऑफिस मीटिंग के दौरान आप अपनी बात अच्छे से रख पायेंगे. सब लोग आपकी प्रेजेन्टेशन से खुश होंगे.

**तुला राशि:** आपका दिन अनुकूल रहने वाला है. व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होना तय है। आप घर में किसी प्रकार का सुधार करवा सकते हैं. घर के लिये कुछ जरूरी चीजें भी खरीद सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे जो भी करें, अपनी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर करें. कोई दूर का रिश्तेदार घर पर आ सकता है.

**वृश्चिक राशि :** आप जीवन में किसी तरह के बदलाव को लेकर सोच-विचार करेंगे. साथ काम करने वाले लोगों से भी इस बारे में बात करेंगे. आज सब लोग आपके लिए बहुत मददगार रहेंगे. किसी खाने की चीज के प्रति आपकी रुचि अधिक बढ़ सकती है. माता-पिता आपके काम में हाथ बंटाने की पूरी कोशिश करेंग.

**धनु राशि:** व्यापारी वर्ग का रूका हुआ काम आज तेजी के साथ आगे बढ़ने से आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी वकीलों को आज किसी महत्वपूर्ण केस में सफलता मिलेगी. पार्टन के साथ कोई नई मूवी देखने जा सकते हैं. जमीन के किसी पुराने लेनदेन से आज आपको फायदा मिल सकता है. जिन छात्रों को करियर संबंधी किसी प्रकार की परेशानी आ रही है, उन्हें आज बड़े भाई या बड़ी बहन से मदद मिलेगी. भगवान शिव को जल अर्पित करें, पढ़ाई में मन लगेगा.

**मकर राशि:** आप कोई ऑनलाइन काम शुरू करने का मन बनायेंगे, जिसमे परिवार के सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा. आपकी रूचि अध्यात्म की ओर रहेगी, साथ ही कोई अध्यात्म की बुक पढ़ेंगे. किसी सगे-संबंधी से चल रहा मनमुटाव आज समाप्त हो जायेगा. सोशल साईट पर नये-नये लोगों से दोस्ती होगी। पैसों के मामले में आपको अपने जीवनसाथी की जरूरत पड़ सकती है. बेहतर होगा किसी बड़े की सलाह लेकर काम करें. श्री गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं, आपको परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# युद्ध लोलुपता और आतंकवाद का परिणाम

संजीव ठाकुर

भारत को पहलगाम में आतंकवादी हमले से 27 निरीह लोगों की हत्या के परिणाम स्वरूप जवाबी कार्रवाई पर ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों तथा लगभग 21 हवाई ठिकानों को नष्ट करना पड़ा तब जाकर पाकिस्तान घुटनों पर आया और संधि वार्ता के लिए रहम की भीख मांगता रहा। इसराइल पर हमास ने आतंकवादी हमला कर 700 लोगों की जान ले ली उसे आतंकवादी हमले के जवाब में इजरायल हमास तथा गाजा पट्टी को समूल नष्ट करने पर उतारू है। रूस ने यूक्रेन पर अपनी विस्तारवादी सनक के कारण ताबड़तोड़ हमले किये, ताजा स्थिति में जब यूक्रेन के सैकड़ो ड्रोन अटैक से उसके कई फाइटर जेट नष्ट हुए हैं जवाब में रूस ने भी यूक्रेन पर लगातार शृंखला में आक्रमण शुरू कर दिया है। किसी देश की विस्तारवादी लालसा को भी आतंकवाद की श्रेणी में रखा जा सकता है, अपनी भौगोलिक सीमाओं को आगे ले जाना और अपनी देश की पड़ोसी देश की इच्छा के विरुद्ध उसे पर हमला करना भी एक तरह का राजनीतिक आतंकवाद ही है। इन सब के प्रणाम स्वरूप विश्व युद्ध को विकल्प के तौर पर नहीं माना जाना चाहिए विश्व युद्ध मानवता के लिए एवं मानवीय जगत के लिए अभिशाप भी माना जाता है। हमलायुद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और लाखों फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है ।युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती जा रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह



रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 3 सालों में युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया है यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है ।यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं।

रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बबार्दी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं।

यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है यह गैस पाइपलाइन यूक्रेन के क्षेत्र से होकर जनवरी तक जाती है। इससे नाटो देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है। दूसरी तरफ यूक्रेन, क्रीमिया को अपने पास वापस अपने अधिपत्य में लेना चाहता है, जो वर्तमान में रूस के कब्जे में है, इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के दो बड़े क्षेत्र लुहानस्क और डोनट्स रिपब्लिक को राज्य के रूप में मान्यता दे दी है, यह बहुत बड़े क्षेत्र और इन्हीं के माध्यम से उसने अपनी सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है

# प्लास्टिक प्रदूषण से जूझती महिलाएं

विजय गर्ग

प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि यह सामाजिक और लैंगिक असमानता को भी गहराई से प्रभावित कर रहा है। यह समस्या केवल समुद्र में तैरते प्लास्टिक कचरे तक सीमित नहीं है, बल्कि उन लाखों महिलाओं और लड़कियों से भी जुड़ी है, जिनके जीवन में प्लास्टिक प्रदूषण ने गहरा असर डाला है। यह एक ऐसी हिंसा है, जो न तो तात्कालिक होती है। और न ही स्पष्ट, पर धीरे-धीरे शरीर, समाज और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करती है ।इसीलिए इसे 'धीमी हिंसा' कहा जा सकता है ।भारत में प्लास्टिक प्रदूषण केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, यह एक सामाजिक संकट भी बन चुका है। वैश्विक स्तर पर जिस प्रकार अमेरिका, चीन और यूरोप जैसे देश अपने प्लास्टिक कचरे का निर्यात विकासशील देशों में करते हैं, उसका प्रभाव भारत जैसे देशों पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। भारत में हर साल करोड़ों टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, यूज' (एकल उपयोग) प्लास्टिक शामिल होता है, जिसे आसानी से नष्ट नहीं किया जा सकता है ।जिसमें से बड़ी मात्रा में 'सिंगल यूज ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आमतौर पर पारंपरिक रूप से घर की सफाई, खाना पकाने और बच्चों की देखभाल जैसे कार्यों की जिम्मेदारी संभालती हैं। इन सभी गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले उत्पाद- जैसे प्लास्टिक पैकिंग में आने वाले खाद्य पदार्थ, सस्ते सौंदर्य प्रसाधन, कीटनाशक और घरेलू सफाई उत्पाद आदि में जहरीले रसायन होते हैं, जो सीधे महिलाओं के शरीर में प्रवेश करते हैं। आज भारत में सौंदर्य प्रसाधनों का उद्योग सालाना लगभग दस हजार उत्पादों में करोड़ से अधिक चुका है। शोध बताते हैं कि माइक्रोप्लास्टिक पाए जाते जो हार्मोन के स्राव को बाधित करते हैं। साथ ही, इन उत्पादों में में प्रयुक्त रसायन लंबे समय तक त्वचा, रक्त और प्रजनन तंत्र प्रभावित कर सकते हैं। इनसे त्वचा रोग, थायराइड संबंधी विकार, हार्मोन असंतुलन, बांझपन और गर्भपात जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न रही हैं ।शारीरिक दृष्टि से भी महिलाएं विषाक्त रसायनों के प्रभाव के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। उनके शरीर में वसा की मात्रा अधिक होती विषैले तत्त्वों को लंबे समय तक संचित रखती है। इसके अलावा, एस्ट्रोजन जैसे हार्मोन इन रसायनों के प्रभाव को और भी गहरा बना देते हैं। गर्भावस्था, मासिक धर्म और रजोनिवृत्ति जैसे नैसर्गिक चरणों में यह प्रभाव और गंभीर हो जाता है। शोध मुताबिक, प्लास्टिक में मौजूद बिसफेनाल-ए और पथेलेट जैसे रसायन गर्भस्थ शिशु को बाधित करते हैं, जिससे जन्मजात विकार, मानसिक समस्याएं और हार्मोन से संबंधित विकृतियां पैदा हो सकती हैं ।विकास प्लास्टिक कचरा अक्सर शहरी मलिन बस्तियों, औद्योगिक क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों के नजदीक जमा होता है, जहां बुनियादी सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन सुविधाओं का अभाव होता है। इन क्षेत्रों में सबसे अधिक प्रभावित वे समुदाय होते हैं, जो पहले से ही गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक हाशिए पर होने की वजह से कई तरह की समस्याओं का सामना कर रहे होते हैं। इन समुदायों की महिलाएं, जो पारंपरिक रूप से घर और बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी संभालती हैं, आज वे अपने परिवार की आजीविका के लिए अनौपचारिक क्षेत्र में प्लास्टिक कचरा बीनने और जलाने जैसे खतरनाक कार्यों में संलग्न हैं। ये कार्य बिना किसी सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षण या स्वास्थ्य सुविधा के किए जाते हैं, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य पार गंभीर असर पड़ता है ।ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि देश के कई हिस्सों में महिलाएं कचरा बीनने, घरेलू कामगार या कचरा पुनर्चक्रण इकाइयों में असंगठित मजदूर के रूप में काम करती हैं। इन कार्यों में रोजमर्रा का संपर्क प्लास्टिक से होता है जैसे पालीथीन, बोतलें, प्लास्टिक थैलियां और टूटी घरेलू वस्तुएं, जिनमें अक्सर खतरनाक रसायन मौजूद होते हैं।

# फंदे से लटकी मिली युवती

## परिवार वाले बोले- किश्त पर कार लेने से परेशान थी, सुसाइड नोट नहीं मिला



भारत संवाद

प्रयागराज, कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कटरा इलाके में एक युवती फंदे से लटकी मिली।30 साल की श्रेया उर्फ रोशनी की का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला। कर्नलगंज पुलिस ने जांच के बाद कमरे की तलाशी ली।सुसाइड नोट नहीं मिला। मृतका की नानी ने पुलिस को बताया कि घरेलू कलह व लोन पर ली गई कार की किश्त न जमा कर पाने को लेकर परेशान थी। श्रेया उर्फ रोशनी बचपन से ही कटरा में रहने वाली अपनी नानी चंद्रकला रानी चौरसिया के घर पर रहती थी। 2017 में उसने सिविल लाइंस के रहने वाले प्रियांशु तिवारी नामक युवक से प्रेम विवाह किया था। शुरूआत में तो सब कुछ ठीक था, लेकिन तीन वर्ष बाद ही दोनों के बीच अनबन शुरू हो गई। वर्ष 2022 में श्रेया अपनी पुत्री अंबिका को लेकर नानी के घर चली आई। प्रियांशु से तलाक लेने के लिए न्यायालय में वाद दाखिल किया।बेटी का नाम नैनी स्थित एक स्कूल में लिखाया और विद्यालय के ही हास्टल में उसे रखा। खुद एक निजी बैंक में काम करने लगी।इधर कुछ माह पहले उसने लोन पर कार खरीदी। रविवार देर शाम वह कहीं से आई और सीधे अपने कमरे में चली गई। सोमवार सुबह काफी देर तक वह कमरे से नहीं निकली तो नानी ने उसे आवाज दी, लेकिन कोई आहट नहीं मिली। वह उसके कमरे में पहुंची तो सामने श्रेया का शव फंदे से लटक रहा था। कर्नलगंज पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। चंद्रकला रानी चौरसिया ने बताया कि श्रेया घरेलू विवाद को लेकर तो परेशान थी ही,

# पी जी टी परीक्षा को लेकर प्रतियोगियों ने युवा मंच के नेतृत्व में शिक्षा सेवा चयन आयोग को घेरा

## पी जी टी परीक्षा अगस्त में कराने के निर्णय पर छात्रों ने दी तीखी प्रतिक्रिया, छात्रों का मानसिक उत्पीड़न कर रहा आयोग

भारत संवाद




प्रयागराज 10/06/2025 पी जी टी परीक्षा कराने को लेकर शिक्षा सेवा चयन आयोग पर युवा मंच के नेतृत्व में सैकड़ों अभ्यर्थियों ने आयोग के दूसरे गेट पर जमकर आयोग के खिलाफ नारेबाजी कर किया घेराव युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आयोग छात्रों के साथ मजाक कर रहा है तम तमाती गर्मी में छात्र आयोग के सामने सुबह 11बजे से शाम 6:30 बजे तक जमें रहे लेकिन आयोग के अध्यक्ष द्वारा कोई स्पष्ट जबाब नहीं दिया गया छात्रों के बीच उप सचिव शिव जी मालवीय को भेजकर यह कहा गया कि परीक्षा अपरिहार्य कारणों से अगस्त होगी अभी तारीख आयोग ने निश्चित नहीं किया है और न ही इस बात की जबाब देही आयोग ले रहा है कि अगस्त में परीक्षा करा ही लूंगा,टी जी टी की परीक्षा 21, 22जुलाई को निश्चित है लेकिन आयोग यह भी स्पष्ट नहीं किया कि तय तिथि पर परीक्षा हो ही जाएगी ऐसे में छात्रों में व्याप्त असमंजस की स्थिति बनी हुई है और आयोग जबाब देने से कतरा रहा है उप सचिव से युवा मंच के प्रतिनिधि मंडल को अध्यक्ष से मिलने की बात कही गई है हो सकता है कल अध्यक्ष से वार्ता हो लेकिन आयोग परीक्षा कराने में असफल नजर आ रहा है प्रतिनिधि मण्डल के शीतला प्रसाद ओझा ने परीक्षा नियंत्रक को तत्काल पद से हटाने को कहा है उन्होंने कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में परीक्षा नियंत्रक की मिली भगत से ही पेपर आउट किया गया है वरना एक अदने से आउट सोर्सिंग कर्मचारी की औकात नहीं थी कि पेपर लीक कर ले परीक्षा नियंत्रक की सम्पत्ति की सी बी आई जांच व नार्को टेस्ट हो तो बड़ा खुलासा होगा ।सुनील यादव,मान सिंह, राहुल पाण्डेय,प्रभाकर सिंह परिहार आदि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आयोग के अध्यक्ष, सचिव,परीक्षा नियंत्रक सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी फोन नहीं उठाते न ही सही जानकारी देते हैं ऐसे में छात्रों को आयोग का चक्कर लगाना पड़ता है जो बहुत निन्दनीय है इस अवसर पर युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रतिनिधि छात्र मण्डल के शीतला प्रसाद ओझा, विनोद कुमार, अखिलेश यादव, राहुल पाण्डेय, प्रभाकर सिंह,रबी सिंह, पंकज पांडेय, राधेश्याम शुक्ल, रविन्द्र पाण्डेय सहित सैकड़ों अभ्यर्थी सामिल रहें।

## फास्ट ट्रैक

### थाना चुनार पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चुनार पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांकः10.06.2025 को उप निरीक्षक शिवमुनि राम व विजय प्रताप सिंह मय पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी 1.राधेश्याम गोंड पुत्र स्व0हरदेव प्रसाद गोंड निवासी कुसहाँ थाना चुनार जनपद मीरजापुर व 2.राधेश्याम पुत्र रामलोचन मुसहर निवासी पिरल्लीपुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।

### थाना को0देहात पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 04 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0देहात पर पंजीकृत मु0अ0सं0-244/2025 धारा 3(1)उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप(निवारण) अधिनियम में बड़ी कार्यवाही करते हुए आज दिनांकः10.06.2025 को निरीक्षक अतिरिक्त अरविन्द यादव मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 04 नफर अभियुक्तों 1.रोजू व 2.असलम पुत्रगण मुतिन उर्फ मशीन, 3.नौशाद उर्फ राजू पुत्र फोटो समस्त निवासीगण शाहपुर चौसा थाना को0देहात जनपद मीरजापुर व 4.करन पासी पुत्र पप्पू पासी निवासी इन्दरपुर हजारीपुर थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

### थाना चिल्ह पुलिस द्वारा 01.200 किग्रा अवैध गांजा के साथ मोटरसाइकिल सवार एक अभियुक्त गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः10.06.2025 को उप-निरीक्षक रामकृपाल यादव व बद्री प्रसाद मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में देखभाल एवं वाहन चेकिंग कर ग्राम पटेहरा के पास से मोटरसाइकिल सवार एक अभियुक्त जैल सिंह पुत्र ब्रह्मा सिंह निवासी सेमरा थाना चील्ह जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 01.200 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना चिल्ह पर पूर्व में 07 अन्य मुकदमें( आबकारी अधिनियम व एनडीपीएस एक्ट ) सम्बन्धित पंजीकृत है । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चिल्ह पर मु0अ0सं0-140/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया तथा मौके से बरामद मोटरसाइकिल टीवीएस स्पोर्ट वाहन संख्या वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया ।

### थाना चुनार पुलिस द्वारा 10.5 ग्राम हेरोइन तथा हेरोइन बिक्री की धनराशि 6750/- नकद के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं ।उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः10.06.2025 को उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत सरैया सिकन्दरपुर जरगो पुल के पास से एक नफर अभियुक्त प्रेम कुमार यादव उर्फ गोरख पुत्र मुराली यादव निवासी सरैया सिकन्दरपुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया ।

# उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य मुख्यालय, प्रयागराज द्वारा सेमिनार आयोजित

भारत संवाद

उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य मुख्यालय, प्रयागराज द्वारा दिनांक 10.06.2025 को राज्य प्रशिक्षण केन्द्र सूबेदारगंज में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थय संबधित जानकारी देने हेतु विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया ।इस सेमिनार में डॉ. श्रीमती मंजू लता हाण्डू, ACMS(Dental)/NCR एवं राज्य आयुक्त/रेंजर, श्री आशीष अग्रवाल, ACHD/NCR एवं राज्य आयुक्त(कब) एवं श्रीमती अर्पणा सक्सेना, Senior Dieticeian की उपस्थित में छोटे बच्चों एवं उनकी माताओं को स्वास्थय के विषय में जानकारी साझा की गई ।डॉ. श्रीमती मंजू लता हाण्डू द्वारा बच्चों एवं उनकी माताओं को दांत की देखभाल के तरीके एवं मसूड़ो को स्वस्थ रखने एवं दांतों की देखरेख नहीं करने के कारण होने वाली समस्याओं के विषय में विस्तार से समझाया गया। बच्चों ने मीठा खाने और दांतों में उससे होने वाली समस्याओं जैसे विषयों पर उत्सुक्ता से जानकारी ली जिसमें डॉ. हाण्डू द्वारा बच्चो एवं अभिभावकों को यह समझाया गया कि किसी भी खाद्य सामग्री को खाने के उपरान्त दांतों की सफाई दिन में दो बार अच्छे तरीके से करनी चाहिए विशेष तौर पर रात में सोने से पूर्व दांतों में ब्रस करने के उपरान्त कुल्ला करना आवश्यक है ।डॉ. आशीष अग्रवाल द्वारा छोटे बच्चो में गर्मी के दौरान आम तौर पर होने वाली समस्याओं जैसे-डायरिया, उल्टी, दस्त, जलने के प्रकार के आधार पर प्राथमिक सहायता एवं उपचार एवं डॉक्टर की सलाह लेना इत्यादि के विषय में बृहद जानकारी दी गई जिसे सभी लोगों ने बडे.ही उत्सुक्ता से समझा और खान पान एवं साफ पानी पीने पर विशेष ध्यान रखने हेतु प्रोत्साहित किया ।डॉ. अर्पणा सक्सेना, रील्लङ्ग१ ऊीश्रेंल्ल द्वारा भी आज के परिवेश में लोगों को खानपान पर विशेष ध्यान रखने और बच्चों के सुबह में माताओं से पौष्टिक आहार जैसे-पनीर, कैल्सियम, कॉबोर्हाइड्रेड विटामिन युक्त आहार को शामिल करने पर विशेष रुप सलाह दी गई ।उपरोक्त कार्यक्रम में आये सभी बच्चों एवं उनकी माताओं ने अपनी समस्याओ के संबंध में खुलकर चर्चा किया एवं डॉक्टर एवं आयोजन कमेटी सदस्यों का विशेष धन्यवाद दिया ।उक्त कार्यक्रम में श्रीमती आयुषी भटनागर, उपाध्यक्ष/भारत स्काउट एवं गाइड प्रयागराज के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत श्री रवि कान्त शर्मा, राज्य संगठन आयुक्त/स्काउट, सुश्री मन्जू जोशी, राज्य संगठन आयुक्त/गाइड, प्रयागराज एवं श्रीमती नूरी सिद्दीकी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) एवं श्री सुब्रतो भट्टाचार्या, श्री प्रियांशु सिंह, एच.डब्ल्यू.बी.लीडर एवं वरिष्ठ यूनिट लीडर स्काउट विंग तथां गाइड विंग, एवं संस्था के समस्त रोवर, रेन्जर स्काउट, गाइड, कब बुलबुल एवं उनके अभिवावक को मिलाकर कुल 78 सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# कला और खेल शिक्षा के पूरक अंग :- क्षमा शंकर पांडेय




भारत संवाद




उपरोक्त बातें खंड शिक्षा अधिकारी क्षमता शंकर पांडेय ने उच्च प्राथमिक विद्यालय मधेशा में समर कैंप समापन के दौरान कही। विकासखंड कौड़िहार के विभिन्न विद्यालयों में आज समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें गीत संगीत के साथ समर कैंप के दौरान सीखी गई बातें वह अनुभव को भी बच्चों ने साझा किया। कंपोजिट स्कूल मधेशा में खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडेय की उपस्थिति में विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में समर कैंप कार्यक्रम के समापन के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर में नियमित रूप से प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।साथ ही समर कैंप संचालक रवि शंकर सिंह इन्दू मौर्या एवं वॉलिंटियर्स कुमारी रूबी को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।इस दौरान उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को देखा एवं सराहा। विद्यालय के छात्र उज्ज्वल ने समर कैंप के दौरान बनाई गई मां दुर्गा की प्रतिमा खंड शिक्षा अधिकारी को भेंट की ।कार्यक्रम के दौरान पूर्व एआरपी जय सिंह एवं प्रभाशंकर शर्मा के साथ प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार निषाद, कमल पाल, सुषमा यादव, डॉ सुनीता देवी, ललित वर्मा, नीतू वर्मा, कल्पना मौर्या, सूर्यमणि,अक्षय मौर्य, कुमारी अर्पिता, अभ्युदय शिवांश सहित दर्जनों अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा आयोजित समर हॉबी कैम्प सम्पन्न

## अध्यक्षा श्रीमती चेतना जोशी ने बच्चों को मेडल एवं गिफ्ट देकर किया सम्मानित

भारत संवाद



उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से आयोजित समर हॉबी कैम्प दिनांक 10.06.2025 (मंगलवार) को सम्पन्न हो गया। लगभग एक महीने तक चलने वाले समर हॉबी कैम्प में कुल 142 बच्चों ने भाग लिया। समर हॉबी कैम्प में स्केटिंग, आर्ट एवं क्राफ्ट, नृत्य तथा तायक्वोंडो कोर्सों को सफलतापूर्वक सिखाया गया ।इस मौके पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती चेतना जोशी द्वारा स्केटिंग एवं तायक्वोंडो प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बच्चों द्वारा बनाये गये आर्ट एवं क्राफ्ट पेन्टिंग की आयोजित प्रदर्शनी का भी लोकार्पण किया गया, जिसके अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सभी बच्चों को पौधे दिये गये, जिससे पर्यावरण के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा हो। इस अवसर पर समर कैम्प में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती ऋचा वर्मा, श्रीमती नीलम कुमार, श्रीमती राखी जैन, श्रीमती चारू गुप्ता, श्रीमती रेणु पोनिया, श्रीमती राजेनी चन्द्रायन, श्रीमती एस. उमा, श्रीमती साधना कुमार, श्रीमती सुनीता भारती, श्रीमती वसुधा गुप्ता, श्रीमती किरण जयसवाल के साथ-साथ संगठन की अन्य सदस्यायें उपस्थित रहीं ।इस अवसर पर प्रयागराज मंडल की महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती वन्दना अग्रवाल भी उपस्थित रहीं।

# 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जी0आई0सी0 मैदान आयोजित होगा योग प्रणायाम कार्यक्रम

## तैयारियों का जिलाधिकारी ने अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओ के साथ बैठक कर दिया दिशा निर्देश

भारत संवाद

मीरजापुर - 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को वृहद एवं व्यापक रूप से सम्पन्न कराएं जाने की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट में सभी विभागीय अधिकारियों, स्वंय सेवी संस्थाओ, विभिन्न स्कूलो प्राचार्यो के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद मुख्यालय सहित सभी तहसीलो, ब्लाक ग्राम पंचायत स्तर पर योग का आयोजन किया जाए, इस हेतु जिला आयुर्वेदिक अधिकारी प्रत्येक कार्यक्रमो के लिए कम से कम एक-एक मास्टर ट्रेनर की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम 21 जून 2025 को प्रातः 06 बजे से 08 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया में सम्पन्न होगीं। उन्होंने इसकी व्यापक तैयारी हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को आयोजन सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जनपद मुख्यालय के प्रमुख पार्को में भी साफ सफाई कराते हुए योग का कार्यक्रम सुनिश्चित कराई जाए। योग सप्ताह के सम्बंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि 15 जून 2025 से 21 जून 2025 तक चलने वाले योग सप्ताह के लिए आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को रोस्टर बनाकर कार्यक्रम सम्पादित कराने का निर्देश दिया।

# विशेष किसान चौपाल का आयोजन

भारत संवाद




इफको फूलपुर इकाई द्वारा सिठौली गाँव में एक विशेष किसान चौपाल का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपीह्व जैसे नवीनतम नैनो उर्वरकों के प्रयोग, लाभ और तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। कोर्डेट प्राचार्य डॉ. डी.के.सिंह ने कहा कि नैनो उर्वरकों की वैज्ञानिक जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह तकनीक किस प्रकार पौधों द्वारा जल्दी अवशोषित होती है और फसल की गुणवत्ता व उत्पादन को बढ़ाती है ।जनसंपर्क अधिकारी स्वयं प्रकाश ने पारंपरिक दानेदार उर्वरकों से होने वाले नुकसान, जैसे कि मिट्टी की उर्वरता में गिरावट, लागत में वृद्धि, और जल प्रदूषण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नैनो उर्वरकों को अधिक टिकाऊ विकल्प बताते हुए इसके प्रयोग को बढ़ावा देने की बात कही ।वरिष्ठ प्रबंधक प्रशिक्षण अनुराग तिवारी ने कहा कि नैनो उर्वरक न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि कम मात्रा में बेहतर परिणाम देने में सक्षम हैं। वरिष्ठ प्रबंधक ई.पी.सी. उमेश कुमार ने नैनो उर्वरक का पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक चुनौती में यह कारगर साबित होगा। नैनो उर्वरक मिट्टी तथा जल संरक्षण में भी सहायक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और उन्होंने नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों के प्रति गहरी रुचि दिखाई। चौपाल के अंत में किसानों ने इफको की इस पहल को कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम बताया। किसान चौपाल में प्रधान राम जी पटेल, किसान शिव लाल, पृथ्वीराज,राम सेवक, सूर्यबली,राम बहादुर आदि मौजूद रहे।

**सहभाग** स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में श्रीराम कथा में किया सहभाग

# परमार्थ निकेतन में आयोजित मासिक मानस कथा में पूर्व वित्त और संसदीय कार्य कैबिनेट मंत्री, उत्तराखंड सरकार, श्री प्रेमचन्द अग्रवाल जी पधारे

भारत संवाद

- विश्व नेत्रदान दिवस पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने किया आह्वान नेत्रदान महादान
- हम अपने अंतिम क्षणों को किसी और के आरंभ में बदल दें, तो वही जीवन की सबसे सुंदर संध्या होगी
- जीते जी रक्तदान, जाते जाते नेत्रदान, यही है जीवनदान का श्रेष्ठ विधान : स्वामी चिदानन्द सरस्वती



ऋषिकेश। विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर मासिक मानस कथा के पावन मंच से स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने जनमानस से आह्वान किया कि जीते जी रक्तदान करें, और जाते-जाते नेत्रदान कर किसी की अंधेरी दुनिया को रोशन करें। यही जीवन का सर्वोत्तम उपहार है ।परमार्थ निकेतन में संत श्री मुरलीधर जी के श्री मुख से हो रही श्रीराम कथा में पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में पूर्व वित्त और संसदीय कार्य कैबिनेट मंत्री, उत्तराखंड सरकार श्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल जी ने सहभाग किया ।स्वामी जी ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है ।एक व्यक्ति द्वारा नेत्रदान दो लोगों को दृष्टि प्रदान कर सकता है, यह कितना अद्भुत, पावन और पुण्य कार्य है ! नेत्रदान न केवल किसी को आंखें देता है, बल्कि उसकी आशा, आत्मनिर्भरता और पूरी जीवनदृष्टि को नया रूप देता है। नेत्रदान, शरीर त्याग के बाद भी जीवनदान देने का एक दिव्य माध्यम है ।नेत्रदान अर्थात किसी और को रोशनी देना। हमारे देश में लाखों लोग ऐसे हैं जो नेत्रज्योति के अभाव में न अपने प्रियजनों को देख सकते हैं, न प्रकृति की सुंदरता को। दुखद यह है कि इनकी दृष्टिहीनता में से अधिकतर मामले ऐसे हैं जो चिकित्सा द्वारा ठीक हो सकते हैं ।यदि हम नेत्रदान का संकल्प लें और इसके प्रति समाज में जागरूकता फैलाएं, तो हम इन अंधकारमय जीवनों में प्रकाश भर सकते हैं। यह एक ऐसा कार्य है जो चिकित्सकों द्वारा सरल, प्रभावी और सम्मानपूर्वक किया जा सकता है जिससे नेत्रदाता के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं आती।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में हर वर्ष लगभग 1.2 करोड़ लोग दृष्टिबाधित हैं, जिनमें से करीब 20 लाख लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित हैं और नेत्र प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में हैं। जबकि हर वर्ष केवल लगभग 65,000-70,000 नेत्रदान ही भारत में दर्ज किए जाते हैं, जिनमें से भी सभी नेत्र उपयोग योग्य नहीं होते अर्थात आवश्यकता और उपलब्धता के बीच भारी अंतर है। यदि भारत की पूरी आबादी में से मात्र 1 प्रतिशल लोग भी नेत्रदान का संकल्प लें, तो इस समस्या का समाधान हो सकता है।

समाज में अभी भी नेत्रदान को लेकर कई मिथक हैं जैसे कि इससे अगले जन्म में अंधापन होगा या धार्मिक विधियाँ बाधित होंगी। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा नेत्रदान कोई शरीर का त्याग नहीं, यह आत्मा के प्रकाश का प्रसार है। जो अंधकार मिटाए, वही सच्चा धर्म है।

नेत्रदान एक पूरी तरह वैज्ञानिक, सम्मानजनक और पारदर्शी प्रक्रिया है। यह न तो मृत व्यक्ति के चेहरे को बिगाड़ता है, न ही धार्मिक रीति-रिवाजों में बाधा डालता है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में अंगदान को परम पुण्य कार्य माना गया है ।हमारे शास्त्रों में कहा गया है परोपकाराय सतां विभूतयः अर्थात सज्जनों की सम्पत्ति और शरीर भी परोपकार में लगते हैं।

# मिर्जापुर स्टेशन पर प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के लिए मांगे गए

भारत संवाद




प्रयागराज मण्डल द्वारा मिजार्पुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को दवाओं की सुविधा उपलब्ध करने के लिए 'वांछनीय यात्री सुविधा' के अंतर्गत प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के रखरखाव एवं संचालन के लिए निविदा आमंत्रित की गयी हैं । यह प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) सकुर्लेटिंग एरिया/ कॉन्कोर्स जैसे सुविधाजनक स्थान पर पर 120-130 वर्ग फुट क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा । मिजार्पुर स्टेशन पर जनऔषधि केंद्र का आवंटन आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल से 25.06.2025 को किया जाएगा तत्पश्चात लाइसेंसधारी को आउटलेट रेलवे द्वारा तैयार करके दिया जाएगा । प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ एवं जन औषधि उत्पाद बेचे जाएंगे । यात्रियों को इस केंद्र पर सस्ती कीमतों पर दवाइयाँ मिलेंगी जिससे यात्रियों को स्टेशन परिसर के बाहर जाकर दवाइयाँ तलाशनी नहीं पड़ेगी । प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र की स्थापना के लिए आरक्षित मूल्य शून्य होगा एवं नीलामी में भाग लेने के दौरान संभावित बोलीदाता को पचास हजार रुपये बयाना राशि का भुगतान करना होगा । सफल बोलीदाता की बयाना राशि को सुरक्षा जमा में बदल दिया जाएगा । असफल बोलीदाताओं की बयाना राशि वापस कर दी जाएगी। आवेदकों के पास डी. फार्मा/बी. फार्मा डिग्री होनी चाहिए, या उन्हें डी. फार्मा/बी. फार्मा डिग्री धारकों को नियुक्त करना होगा । अधिक जानकारी के लिएhttps:// www. ireps .gov.in/ साइट पर विजिट किया जा सकता है ।

# भाजपा आईटी सेल के संयोजक विक्रांत गर्ग ने किया यूपी एफसीआई के नवमनोनीत चेयरमैन सतीश गौतम का स्वागत

बहादुर सिंह संवादाता गोंडा / भारत संवाद



अलीगढ़। अलीगढ लोकसभा सांसद सतीश गौतम को एफसीआई का चेयरमैन बनाए जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देने वाले लोगों का क्रम अनवरत जारी है जबकि इसी क्रम में महानगर भाजपा आई टी सेल के संयोजक विक्रांत गर्ग ने भी अपने आईटी विभाग की टीम के साथ सांसद जी के कार्यालय पर पहुंच कर उनका स्वागत करते हुए सांसद सतीश गौतम को एफसीआई का चेयरमैन बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सरकार का आभार जताया। खास बात ये है कि इस अवसर पर विक्रांत गर्ग ने कहा कि अलीगढ़ के लोकप्रिय सांसद का इस पद पर आसीन होना पूरे जनपद के लिए गौरव की बात है और सभी को आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में एफसीआई विभाग को एक नई दिशा और दशा प्राप्त होगी। वहीं अपने स्वागत से अभिभूत सांसद सतीश गौतम ने भी सबका धन्यवाद व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि उनके इस पद पर रहकर उत्तर प्रदेश के किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य मिले,ये उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल है।

# जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में डीएलआरसी एवं डीसीसी की बैठक सम्पन्न

## बैंक शासकीय योजनाओं में ऋण देने में न बरतें ढिलाईः जिलाधिकारी

भारत संवाद



सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक आहूत की गई।

डीएम ने जनपद के कम सीडी रेशियो वाले बैंकों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडी रेशियो बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में सभी बैंक सीडी राशियों बढ़ाने की कार्ययोजना के साथ उपस्थित हों। उन्होंने निर्देशित किया कि बैंक शासकीय योजनाओं में ऋण देने में लापरवाही न बरतें। उन्होने कहा कि सभी बैंक के प्रतिनिधि पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में आएं। उन्होने सभी बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सभी लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करने हेतु माह की 15 तारीख या 15 की छुट्टी होने पर अगले दिवस में एक ही स्थान पर बैंक के सक्षम अधिकारी, संबंधित विभाग एवं लाभार्थी उपस्थित होंगे। उन्होने कहा कि सभी बैंक सकारात्मकता से कार्य कर परिणाम देने वाले बनें। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकों द्वारा दिये गये छोटे-छोटे ऋण से ही आमजन की आर्थिक समृद्धि आएगी जिससे हम अपने आर्थिक उन्नति के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शासन की मंशा के अनुरूप लाभार्थियों को दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होने सभी बैंकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से आमजन को जागरूक कर योजनाओं का लाभ बताते हुए आच्छादित किया जाए। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हेतु वित्तीय साक्षरता शिविर लगाए जाएं। कृषि अवसंरचना निधि योजना की जानकारी विभिन्न माध्यमों से कृषकों को दी जाए। सभी बैंकों को अपने वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी हो।एलडीएम कृशानु दास ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सभी बैंकों द्वारा सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, आरबीआई प्रतिनिधि जगजीत सिंह कालरा, डीडीएम नाबार्ड साद बिन अफरोज, डीसी एनआरएलएम इन्द्रपाल सिंह, उपायुक्त उद्योग वी0के0कौशल सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि एवं सबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फास्ट ट्रैक

## जिला मजिस्ट्रेट ने 15 जुलाई से 30 सितम्बर तक फ्राई, फिंगरलिंग को पकड़ने, नष्ट करने एवं विक्रय पर लगाया प्रतिबंध

### 15 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य प्रजनन अवधि में शिकारमाही प्रतिबंधित

भारत संवाद

अलीगढ़ (सू0वि0): जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा उत्तर प्रदेश मत्स्य नियमावली के अन्तर्गत 15 जुलाई से 30 सितम्बर तक की अवधि में नदियों, नहरों और प्राकृतिक जलीय संसाधनो से फ्राई, फिंगरलिंग को पकड़ने, नष्ट करने, बेचने और 15 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य प्रजनन अवधि में शिकारमाही को प्रतिबंधित किया गया है।जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि नदियों में मत्स्य आखेट के लिए पट्टा या ठेका का अधिकार दिए जाने संबंधी शासनादेश में भी 01 जून से 31 अगस्त तक नदियों में मत्स्य आखेट को प्रतिबंध किए जाने का प्राविधान किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी एसडीएम, बीडीओ, सहायक निदेशक मत्स्य, अधीक्षण अभियंता सिंचाई एवं पुलिस विभाग को उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## ई-चार्जिंग स्टेशन स्थल का करें बहुउद्देश्य उपयोगः नगरायुक्त

### नगरायुक्त ने किया ई-चार्जिंग बस स्टेशन व अम्बाला रोड तालाब का निरीक्षण

सहारनपुर।नगरायुक्त शिपू गिरी ने गंगोह रोड स्थित ई-चार्जिंग स्टेशन का आज दोपहर निरीक्षण किया और उसे एक माह में चालू कराने के निर्देश दिए। ई-चार्जिंग स्टेशन स्थल के बहुउद्देश्य उपयोग के लिए निर्माण विभाग को प्रस्ताव बनाने के भी निर्देश दिए हैं।नगरायुक्त शिपू गिरी ने निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता बी के सिंह के साथ आज दोपहर गंगोह रोड व ई-चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया।उन्होंने निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त किया और एक माह में उसे चालू कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि ई-चार्जिंग स्थल शहर के बीच में बहुमूल्य भूमि पर बना है, इस भूमि पर दूसरी मंजिल बनाकर उसका बहुउपयोग किया जा सकता है।उन्होंने इसके लिए निर्माण विभाग को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई की दृष्टि से भी गंगोह रोड का निरीक्षण किया।नगरायुक्त ने अम्बाला रोड स्थित डबनी वाला कब्रिस्तान के बराबर में नगर निगम द्वारा किये गए तालाब के सौंदर्यीकरण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब को उच्चीकृत करने तथा उसके निकट एक आकर्षक वेंडिंग जोन स्थापित करने को कहा।इस दौरान अवर अभियंता अनूप सिंह भी साथ रहे।

## मांगों की अनदेखी की विरोध में सफाई कर्मियों ने दिया धरना

सहारनपुर।नगर निगम सहारनपुर प्रशासन द्वारा सफाई कर्मचारियों की मांगों को अनदेखी किये जाने के विरोध में आज उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी मजदूर संघ एवं अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारियों ने निगम परिसर में नारेबाजी कर धरना दिया।धरने को सम्बोधित करते हुए संघ के बृजमोहन चनालिया, रघुवीर चंदेल, चेतन चनयाने ने संयुक्त रूप से कहा कि नगर निगम कमचारियों के प्रति उदासीन रवैया अपना रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।उन्होंने कहा कि यदि सफाई कर्मचारी काम बन्द करके हड़ताल पर चले गये तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। सुनील घाघट, नाथीराम ने कहा कि निगम उनके साथ दोगली नीति चल रहा हे।जो सफाई कमचारी 60 वर्ष के हो गये हैं, उन्हें हटा दिया गया किन्तु सफाई के अतिरिक्त अन्य कार्यों में लगे 65 से 70 वर्ष के कर्मचारियों को नगर निगम प्रशासन ने नहीं हटाया जा रहा है, जो कि नगर निगम से मोटा वेतन वसूल रहे हैं।

## निरंकारी बाल समागम आयोजित किया

सहारनपुर।संत निरंकारी मिशन का निरंकारी बाल समागम देहरादून रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन के प्रागण में गुलशन कुमार गुलाटी के नेतृत्व में बड़े उत्साह और श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया जिसमें बाल समागम में 20 ब्रांचो से पहुंचे नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत ही सुंदर ढंग से अपने आइटमो को तैयार करके प्रस्तुति की बच्चों ने विभिन्न गीतों, नाटकों, कविताओं, विचारों आदि के मध्य से सतगुरु का सत्य संदेश दिया।

# बेसिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर उत्तर प्रदेशीय हाईस्कूल शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी कार्यालय पर भिक्षा मांगी

प्रवीन कुमार शर्मा संवादाता चंडोस/ भारत संवाद



अलीगढ़ ।उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले डॉ.प्रशांत शर्मा की अध्यक्षता में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में भिक्षा याचन का प्रदर्शन किया गया और संगठन के पदाधिकारी ने हाथ में कटोरा लेकर भीख मांगी। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए 27 सूत्रीय शिकायत पत्र ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया था,लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे क्षुब्ध होकर संगठन के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में भीख मांगी और एसीएम तृतीय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया ।डॉ. प्रशांत शर्मा ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और उनके संरक्षण में बीएसए ऑफिस के बाबू,डीसी निरंतर भ्रष्टाचार में लिप्त होते चले जा रहे हैं इतना ही नहीं कुछ दिन पूर्व स्थानांतरण को लेकर अखिलेश मिश्रा डीसी बालिका शिक्षा ने डेढ़ लाख रुपए रिश्वत में लिए और यह विवाद भी मीडिया में छाया रहा था ।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लिपिक तथा कुछ अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के द्वारा रिश्वत लेने के प्रकरण वीडियो और ऑडियो के माध्यम से सोशल मीडिया पर चर्चित बने रहे हैं ।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगठन के पदाधिकारी से वार्ता का समय ही नहीं देते हैं और उनसे कहा जाए जब पदाधिकारी बीएसए ऑफिस में जाते हैं तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीडियो पदाधिकारी की बात नहीं सुनते हैं और अपनी स्कॉर्पियो से संगठन के पदाधिकारियो को कुचलवाने का काम भी करते हैं ।उन्होंने संगठन के जिला अध्यक्ष पर गाड़ी चढ़वाने का प्रयास भी किया था। उक्त सभी प्रकरणों की शिकायत संगठन द्वारा मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश सरकार स्कूल शिक्षा महानिदेशक से भी की है परंतु आज तक दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है ।वहीं संगठन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कलेक्ट्रेट पर भ्रष्टाचार का समूह नाश करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में भीख मांगने का सांकेतिक प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया और चेतावनी दी कि यदि 15 जून तक समस्याओं का निस्तारण नहीं किया तो संगठन के पदाधिकारी बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप कुमार सिंह के आवास पर धरना देने का काम करेंगे,जिसका संपूर्ण उत्तर दायित्व विभाग का होगा ।भिक्षा याचन में विमल कुमार चौहान,प्रशांत शर्मा,इंद्रजीत सिंह,विश्वनाथ,महेश राजपूत,रवेंद्र कश्यप, रूम सिंह वर्मा,अनुज प्रताप सिंह,कुलदीप शर्मा,राजकुमार सिंह, हेमंत कुमार कश्यप, योगेश बाल्यान,पी.सी.शर्मा,प्रतिभा वशिष्ठ, शशि रानी,शालिनी गौतम की उपस्थिति सराहनीय रही।

# ईर्ष्या रहित मन से करें हरि की आराधना : स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज

## आत्मा से परमात्मा का मिलन ही है महारास : शिवम शास्त्री

भारत संवाद



अलीगढ।गत सप्ताह से कस्तली पला में चल रही श्रीमद भागवत कथा महोत्सव के अंतिम दिन की कथा में कथा व्यास ने दिव्य महारास का पावन प्रसंग,गोपी उद्धव प्रसंग की कथा का श्रवण कराया।

परम पूज्य स्वामी श्री पूणानंद पुरी जी महाराज के पावन आशीर्वाद से परमहंस गौशाला कस्तली पला के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन की कथा सुनाते हुए कथा व्यास आचार्य शिवम शास्त्री ने कहा कि आत्मा परमात्मा के मिलन का जो मधुमास है वही महारास है, भगवान की वंशी दो बार बजी एक प्राणी मात्र के लिए बजाई जिसे सुनकर प्राणी मात्र मोहित हो गए पाषाण द्रवी भूत हो गए यमुना की धारा स्तब्ध हो गई ।सारा त्रिभुवन मोहित हो गया और जब भगवान ने रास करने के लिए बंसी बजाई बंसी केवल ब्रज की गोपियों ने सुना यह गोपिया कोई साधारण सी स्त्रियां नहीं है बड़े-बड़े दिव्य वितराग संत जो दंडकारण्य में विचरण कर रहे थे श्री रामभद्र के रूप को देखकर मोहित हो गए वे सब सिद्ध कोटि के संत ब्रज की गोपियों बनकर आए और इस दिव्य महारास के रस का रसास्वादन करने के लिए प्रतीक्षा करते आज किसी के रोक कैसे रुक सकते हैं जो निरंतर ही कृष्ण रस का ही पान करें यह वही गोपिया हैं।ऐसे दिव्य महारास में भगवान भोलेनाथ स्वयं गोपी बनाकर के आए जो वृंदावन में गोपेश्वर महादेव के नाम से जाने गए आज भी भगवान का गोपी स्वरूप में दर्शन होता है ।भगवान को अपने जब गोकुल वृंदावन की याद आई तो भगवान ने उद्धव जी को वृंदावन भेजा सभी ब्रज वासियों का कुशल छेम पूछने के लिए ज्ञान पाठ पढ़ाने के लिए उद्धव वृंदावन आए और गोपियों को जब ज्ञान का मार्गदर्शन कराया वहां से प्रेम की रंग में रंग कर उद्धव जी लौटे वृंदावन में प्रेम निवास करते हैं भक्त निवास करते हैं।जरासंध ने 17 बार आक्रमण किया मथुरा नगरी पर 18वीं बार में भगवान रन छोड़कर के चले समुद्र की शरण ली 25 वर्ष की अवस्था भगवान द्वारिका के राजा बने विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मिणी से सुन्दर पाणिग्रहण हुआ

कथा की पूर्व संध्या पर स्वामी श्री पूणानंदपुरी जी महाराज ने अपने प्रवचनों के माध्यम से कहा कि व्यक्ति के अंदर ईर्ष्या भाव बिल्कुल उत्पन्न नहीं होना चाहिए, भगवान की भक्ति में सदैव मन को लगाकर श्रीमद भागवत कथा का रसपान करना चाहिए।कथा में, तूलिका अग्रवाल , नम्नुमल, आरके शर्मा जी, हरिओम अग्रवाल जी, आयोजक कर्ता पूरन चंद्र अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, अमित जी, कुलदीप जी, अनिल गुप्ता ,तेजवीर सिंह, नवीन चौधरी, आचार्य गौरव शास्त्री जी, आचार्य बलदेव जी, आचार्य चेतन सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# महापौर और नगर आयुक्त ने अमृत सरोवर शक्ति नगर पोखर और गूलर रोड पोखर का किया निरीक्षण

डॉली शर्मा संवादाता महानगर / भारत संवाद



अलीगढ़।महापौर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने संयुक्त रूप से लगभग 10 करोड़ की लागत से अमृत सरोवर के रूप में डेवलप किए जा रहे नई बस्ती,शक्ति नगर पोखर और गूलर रोड पोखर का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के समय गूलर रोड पंपिंग स्टेशन स्थित सम्पवेल की सफाई नहीं होने पर महापौर और नगर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की ।गूलर रोड पोखर की धीमी गति से काम होने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित ठेकेदार पर आर्थिक दंड लगाने व शोकॉज नोटिस देने के निर्देश दिए ।शक्ति नगर पोखर खुदाई व सौंदर्यकरण निर्माण कार्य के डिजाइन पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई ।मुख्य अभियंता सुरेश चंद से तत्काल शक्ति नगर पोखर की फाइल को तलब किया ।निरीक्षण के समय नगर आयुक्त ने संबंधित सहायक अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु मुख्य अभियंता को निर्देश दिए। वहीं खैर रोड मुख्य मार्ग पर जल भराव की समस्या को देखने के लिए दोपहर में महापौर और नगर आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से समस्या के संबंध में फीडबैक लिया और मौके पर नगर आयुक्त ने सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत खैर रोड पर काम कर रही एजेंसी मेसर्स पीपीएस के विरुद्ध आर्थिक दंड लगाने के निर्देश मुख्य अभियंता को दिए। नगर आयुक्त ने मौके पर अवर अभियंता गिरीश कुमार को तत्काल जल निकासी सुनिश्चित कराई जाने के निर्देश दिया ।निरीक्षण में मुख्य अभियंता सुरेश चंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मुकेश कुमार, अधिशासी अभियंता विजेंद्र पाल सिंह और सहायक अभियंता राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र गंभीर रूप से घायल

भारत संवाद



सुलतानपुर। कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्नू चौराहा, खैराबाद निवासी सईद अहमद मंगलवार सुबह लगभग 06 बजे अपने पुत्र मो. अरमान के साथ बाइक (टीवीएस विक्की) से रामगंज जा रहे थे। जैसे ही वे पयागीपुर चौराहा के पास भारत पेट्रोल पंप के निकट पेट्रोल भरवाने के लिए मुड़े, तभी प्रतापगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार लाल रंग की कार (संख्याः यूपी 41 एल 9573) ने उनकीहादसे में सईद अहमद और उनका पुत्र मो. अरमान गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल जिला चिकित्सालय सुलतानपुर में भर्ती कराया गया। सईद अहमद की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ के केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं मो. अरमान का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में मो. अरमान की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

# डॉक्टरो की मेहरबानी दवाओं की दुकानों पर भीड़ और जन औषधि केंद्र खाली

भारत संवाद / नासिर हुसैन



आजमगढ़ ।सदर अस्पताल गरीबों को सस्ते दर पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन की ओर से सरकारी अस्पतालों में जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। यहां से मरीजों को जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।लेकिन, अगर जन औषधि केंद्रों की हालत देखें तो यहां इक्का दुक्का मरीज ही मिलते हैं और जो निजी मेडिकल स्टोर हैं उन पर मरीजों की भीड़ लगी रहती है ।इसका कारण चिकित्सकों द्वारा मरीजों को जन औषधि केंद्रों की दवा न लिखना है। इसके कारण मरीजों को दवा खरीदने और जांच करवाने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है।विजय कुमार, बरामदपुर ने बात करते हुवे बताया की मेरे पिता को हार्ट की दिक्कत है जो जिला अस्पताल में भर्ती हैं।एलएफटी की जांच बाहर की लिखी।मैने अंदर से कराने को कहा तो बोले बाहर से करा कर लाओ ।संदीप कुमार देऊरपुर ने बताया की मेरी तबीयत खराब थी डॉक्टर साहब को दिखाने के लिए आया था। उन्होंने दवा लिखी जिसमें कुछ दवाएं तो अंदर मिल गईं लेकिन 500 रुपये की दवा बाहर से खरीदनी पड़ी ।वहीं एसआईसी डा.ओमप्रकाश ने बताया की शासन का निर्देश है कि चिकित्सालय की दवा मरीजों को लिखे जो शासन द्वारा गुणवत्ता युक्त दवा हो।लाभदायक दवा स्टोर में नहीं हैं, उसे जनऔषधि केंद्र से ही लिखे जो शासन के निर्देश की अनदेखी करता है।संज्ञान में आने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# मानसी अभिनय गुरुकुल में बाल रंगमंच शिविर आयोजित

भारत संवाद



सहारनपुर। मानसी अभिनय गुरुकुल द्वारा आयोजित बाल रंगमंच शिविर में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अभिनय का प्रशिक्षण लिया जा रहा है जिसमें खेल-खेल में ही बच्चों को उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है जिसमें बच्चे व्यक्तित्व विकास नृत्य संगीत इंस्ट्रुमेंट और संभाषण व अभिनय का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं उड़ान द क्रेजी ग्रीन के 20 बच्चों की प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेकर अपने आप को जानने का प्रयास कर रहे हैं उड़ान द क्रेजी ग्रीन के अध्यक्ष अजय सिंघल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से मानसी द्वारा उड़ान के बच्चों को अभिनय का प्रशिक्षण वरिष्ठ रंगकर्मी व निर्देशक श्री योगेश पॉंवर द्वारा दिया जा रहा है बच्चों में जबरदस्त आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ है बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने का काम करते हैं इस बार बच्चो द्वारा तैयार नाटक का नाम पुण्यश्लोक अहिल्याबाई है जिसका मंचन दिल्ली में 24 जून को किया जाएगा प्रशिक्षक ने बताया कि इन बच्चों के लिए और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली में जाकर नाटक का मंचन करेंगे उड़ान द सेंटर ऑफ थिएटर आर्ट एंड चाइल्ड डेवलपमेंट के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार संजय टूटेजा ने बताया है कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चो की प्रतिभा निखारने के लिए इस तरह का आयोजन करते है और उनका मंचन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कलाकेंद्र में होगा साथ ही साथ बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण सुश्री स्वाति सैनी द्वारा दिया जा रहा है मानसी के अध्यक्ष के के गर्ग ने बताया है कि प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में मानसी द्वारा इस तरह के शिविरों का आयोजन गत वर्षो से होता आ रहा है और उनका कहना है कि इससे बच्चों की प्रतिभा निखर कर आती है अभिभावकों को चाहिए कि इस अवसर का लाभ उठाएं और गर्मी की छुट्टियों को सार्थक बनाएं।

# वंदेमातरम मिशन चलायेगा गौहत्या मुक्त भारत संकल्प अभियानः विजयकांत चैहान

भारत संवाद



सहारनपुर। गौहत्या मुक्त भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आज शेरे हिन्द विजयकान्त चैहान भगतसिंह जूनियर संस्थापक क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह मंच वन्देमातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट के नेतृत्व में एक बैठक प्राचीन सिद्ध पीठ श्री गौ देवी मंदिर गौशाला नुमाइश कैम्प सहारनपुर में हुई।

बैठक में विजयकान्त चैहान ने कहा कि वन्देमातरम मिशन क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह मंच द्वारा जारी गौहत्या मुक्त भारत संकल्प अभियान घर घर गली गली चैक चैराहों पर जाएगा गौहत्या मुक्त भारत संकल्प अभियान के द्वारा युवाओ को माताओं बहनों बच्चे बुजुगों को गौसेवा ओर गौरक्षा के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा शीघ्र ही राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को उक्त आशय का पत्र भेजा जायेगा तथा गौमाता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग की जाएगी।


भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित, 2-संरक्षक-भारत संवाद, आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ, 3-संरक्षक-भारत संवाद गजानन महतपुरकर, (सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त), 4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद), जगन्नाथ तिवारी, 5-उपसंपादक (भारत संवाद), माता प्रसाद शर्मा, 6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण आशीष कुमार शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा रमा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1-ए बेली रोड नया कटरा इलाहाबाद से मुद्रित एंव ज्ञान गंगा कालोनी सराय तकी झूंसी प्रयागराज से प्रकाशित। संपादक- अरविन्द कुमार शर्मा ।फोन नं०.05324012522 मो०-9455137214,9935750291,E mail-bharatsamvad2009@gmail.com RNI No-UPHIN/2009/30939 (किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र इलाहाबाद उच्च न्यायालय होगा)।



अगर आप कॉफी लवर हैं और आइस्क्रीम खाना पसंद करते हैं, तो आप इस मजेदार कॉम्बिनेशन को ट्राई कर सकते हैं और घर पर ही कुछ चीजों की मदद से आइस्क्रीम तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको चीनी, पानी, दूध, कॉफी और क्रीम जैसी चीजों की जरूरत होगी।

# घर पर बनाएं कैफे जैसी होममेड आइस्क्रीम, फैमिली के साथ उठाएं इसका लुत्फ

गर्मियों में आइस्क्रीम खाना भला किसे नहीं पसंद होता है। गर्मी में खुद को फ्रेश रखने के लिए ठंडी, क्रीमी और स्वादिष्ट चीज खाने के क्रेविंग बढ़ जाती है। ऐसे में हम कुछ न कुछ अपनी डाइट में ऐसा शामिल करते हैं, जिसका स्वाद लेना किसी जादू से कम नहीं होता है। लेकिन रोजाना आर्टिफिशियल फ्लेवर लेना हमारे लिए अच्छा नहीं होता है। ऐसे में आप अपने घर पर कुछ नया और अच्छा बना सकते हैं।

बता दें कि अगर आप कॉफी लवर हैं और आइस्क्रीम खाना पसंद करते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आप इस मजेदार कॉम्बिनेशन को ट्राई कर सकते हैं और घर पर ही कुछ चीजों की मदद से आइस्क्रीम तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको चीनी, पानी, दूध, कॉफी और क्रीम जैसी चीजों की जरूरत होगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको होममेड आइस्क्रीम की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

सामग्री

कॉफी पाउडर– 1 पैकेट या 2 चम्मच
चीनी– आधा कप
पानी– आधा कप
दूध– 1 कप
क्रीम– आधा कप
चॉकलेट चिप– आधा कप
वैनिला एसेंस– आधा कप

होममेड आइसक्रीम

सबसे पहले ऊपर बताई गई सभी सामग्रियों को तैयार रखें। अब एक बाउल में गुनगुने पानी में कॉफी पाउडर और चीनी डालकर अच्छे से घोल लें।

फिर इन सभी सामग्रियों को अच्छे से मिलाएं। वहीं दूसरे बाउल में क्रीम, दूध और बाकी का सामान डालकर अच्छे से मिलाएं। आप चाहें तो इसमें वैनिला एसेंस भी मिला सकते हैं।

इसके बाद एक चम्मच की सहायता से सभी चीजों को मिलाएं और फिर दोनों को एक साथ मिक्स कर दें। अब तैयार हुए मिश्रण को एक एयरटाइट कंटेनर में डालें और ढक्कन लगाकर करीब 6–8 घंटे या फिर पूरी रात फ्रीजर में जमने के लिए रख दें।

वहीं अगर आपको ज्यादा क्रीमी टेक्सचर चाहिए, तो आपको 2–3 घंटे बाद फ्रीजर से मिक्सचर को निकालकर फिर से फेंटें और दोबारा फ्रीज करें।

जब आइस्क्रीम अच्छे से जम जाए तो स्कूप निकालें और फिर ऊपर से थोड़ा सा इंस्टेंट कॉफी पाउडर या चॉकलेट चिप्स डालकर सर्व करें।

# होंठों का रंग पड़ने लगा है काला? सुर्ख गुलाबी और मुलायम लिप्स के लिए अपना लें ये 5 आसान तरीके

कहते हैं कि होठों की खूबसूरती चेहरे की खूबसूरती बढ़ाती है और काले होंठ चेहरे की खूबसूरती कम कर देते हैं। यदि होंठ गुलाबी और मुलायम हों तो मुस्कान भी अधिक आकर्षक लगती है। लेकिन कई कारणों से होंठों का रंग काला पड़ सकता है, जैसे धूप में ज्यादा रहना, कम पानी पीना, धूम्रपान करना, ज्यादा चाय–कॉफी पीना या खराब लिप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना।

ऐसे कई लोग हैं जो अपने होठों को प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाने के लिए बाजार में मौजूद महंगे उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं लेकिन उन्हें कोई फर्क नजर नहीं आता। अगर आप भी उन लोगों में से हैं जिन्होंने अपने काले होठों पर काफी पैसे खर्च कर दिए हैं और होठों के कालेपन में कोई सुधार नहीं हुआ है तो आइए जानते हैं ऐसे 5 टिप्स के बारे में जिन्हें अपनाकर आप प्राकृतिक गुलाबी होंठ पा सकते हैं।

## एलोवेरा जेल

एलोवेरा में मौजूद एलिसिन त्वचा का रंग हल्का करने में मदद करता है। रोजाना होठों पर ताजा एलोवेरा जेल लगाएं और 15–20 मिनट बाद धो लें। यह होठों को मुलायम और गुलाबी बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही यह होठों को नमी प्रदान करने में भी मदद करता है।

## नींबू का रस

नींबू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं। रोजाना रात को सोने से पहले अपने होठों पर ताजा नींबू का रस लगाएं और सुबह इसे धो लें। यह धीरे–धीरे होठों का कालापन कम कर देता है।

## शहद और चीनी

1 चम्मच शहद में 1 चम्मच चीनी मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे अपने होठों पर हल्के हाथों से रगड़ें और कुछ मिनट बाद धो लें। यह मृत कोशिकाओं को हटाता है और होंठों को मुलायम बनाता है। इसके साथ ही यह आपके होठों को प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाने में भी मदद करता है।



## चुकंदर का रस

चुकंदर का जूस एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और होठों को गुलाबी रंग देता है। होठों पर ताजा चुकंदर का रस लगाएं और 15–20 मिनट बाद धो लें या रात भर के लिए छोड़ दें। इससे आपके होठों को प्राकृतिक गुलाबी रंग मिलेगा।

## हल्दी

हल्दी त्वचा का कालापन कम करने में मदद करती है। थोड़ी सी हल्दी को दूध या शहद में मिलाकर पेस्ट बना लें और होठों पर लगाएं। 5–10 मिनट बाद धो लें। नियमित उपयोग से होठों का रंग हल्का हो सकता है। इसके साथ ही आपके होंठ मुलायम भी हो जाएंगे।

धूम्रपान बिलकुल न करें।

सस्ते लिपस्टिक और लिप बाम का प्रयोग न करें।

बार–बार होठों पर जीभ न लगायें।

घर से बाहर निकलते समय न केवल चेहरे पर बल्कि होठों पर भी सनस्क्रीन लगाएं।



# कानों पर आने वाले बालों को कैसे करें साफ?

## इन घरेलू उपायों से आसानी से हो जाएंगे क्लीन

कानों के आसपास अनचाहे बाल होना आम बात है, लेकिन ये बाल चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। आप इन अनचाहे बालों को घर पर ही देसी तरीके से हटा सकते हैं।

कानों के आस–पास कई बार अनचाहे बाल हो जाते हैं। पुरुषों में तो इस तरह की समस्याएं सामान्य तौर पर देखने को मिल ही जाती हैं, लेकिन कई बार महिलाओं में भी हार्मोनल बदलाव के कारण कानों पर बाल उगने लगते हैं, जो चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। वैसे तो कानों पर आने वाले बालों को हटाने के लिए मार्केट में कई तरह की क्रीम मौजूद हैं, लेकिन आप इन अनचाहे बालों को आसानी से घरेलू उपाय से भी हटा सकते हैं।

## नींबू और शहद का करें उपयोग

कानों पर आए अनचाहे बालों को आप नींबू और शहद की मदद से आप आसानी से हटा सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच नींबू का रस और दो चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे कानों के बालों पर लगाएं और 20 मिनट बाद पानी से धो लें। यह उपाय हफ्ते में 2 बार करें। इससे बाल तो कम होंगे ही, साथ ही साथ हेयर ग्रोथ भी कम हो जाएगा।

## बेसन और हल्दी का पैक

कानों पर आए बालों को हटाने के लिए आप बेसन और हल्दी के पैक का उपयोग कर सकते हैं। इसका उपयोग पुराने समय से बालों को हटाने के लिए किया जाता रहा है। इसको बनाने के लिए आप एक चम्मच बेसन, आधा चम्मच हल्दी और थोड़ा दूध मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें और इसे कानों पर लगाकर सूखने दें। कुछ समय के बाद इसको हल्के हाथों से रगड़कर हटाएं। इससे बाल कम हो जाएंगे।

## घर पर बनाएं वैक्स

बालों को हटाने के लिए आप घर पर ही एक हेयर रिमूवल वैक्स भी तैयार कर सकते हैं। इसको बनाने के लिए आप शक्कर, नींबू का रस और पानी को मिलाकर गर्म करें और एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे कान के बालों पर लगाएं और एक साफ कपड़े से इसको हटा लें।



# बच्चों को हेल्दी और फिट रखने के लिए उनकी डाइट का रखें खास ख्याल, अपनाएं ये टिप्स

**हर पेरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा फिट और हेल्दी रहे ताकि उसको ग्रोथ अच्छे से हो सके. लेकिन बच्चों को हेल्दी रखना किसी टॉस्क से कम नही है. खासतौर से जब बात आती है खानपान की तो बच्चों को हेल्दी खाना अमूमन पसंद नही आता है. हरी सब्जियां और दाल जैसी चीजें जो पोषक तत्वों से भरपूर होती है बच्चे उनको खाने में मुंह बनाते हैं. अनहेल्दी खाने की चीजों जैसे की जंक फूड और पैकेज्ड फूड की तरफ उनका रूझान ज्यादा रहता है. यह चीजें सही ग्रोथ और शरीर मजबूत बनाने से रोक सकती हैं. ऐसे में बच्चों की खास देखभाल करने की जरूरत होती है, जिसमें डाइट और लाइफस्टाइल पर ध्यान देना जरूरी है.**

**आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंग जो आपके बच्चों को हेल्दी रखने में मदद कर सकते हैं.**

## हेल्दी ब्रेकफास्ट

बच्चे के ब्रेकफास्ट में हमेशा हेल्दी चीजों को ही शामिल करें. अमूमन घरों में नाश्ते में ब्रेड–बटर या फिर रेडी टू ईट चीजों का सेवन किया जाता है. जिससे बच्चों से सही से पोषण नहीं मिल पाता है. ऐसे में आप उनके लिए घर में ही हेल्दी चीजें बनाएं. आप उन्हें नाश्ते में इडली, डोसा, उपमा या पोहा उन्हें दे सकते हैं.

## घर में बनाएं स्प्रेड

अगर आपके बच्चे को चॉकलेट स्प्रेड, जैम और केचप खाना पसंद है तो इन चीजों को बाजार से खरीदने की बजाय घर पर ही बनाने की कोशिश करें. क्योंकि बाहर मिलने वाली चीजों में प्रिजर्वेटिव होते हैं जो सेहत के लिए अच्छे नहीं पाए जाते.

## पैकेज्ड फूड

पैकेज्ड फूड्स चिप्स, कुकीज जैसी चीजों का सेवन सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है. इसलिए आप इन चीजों से बच्चों को बचाएं और घर पर बनी चीजों को ही उन्हें खाने के लिए दें.

## फल

अपने बच्चे की डाइट में फलों को जरूर शामिल करें. एक दिन में कम से कम उनकी डाइट में 1 सीजनल फ्रूट जरूर शामिल करें.

## पैकेज्ड जूस

पैकेज्ड जूस में केवल प्रिजर्वेटिव और चीनी होती है. इनका सेवन करने से बच्चे बीमार भी हो सकते हैं. इसलिए इनकी जगह ताजे फलों का जूस, नींबू पानी, नारियल पानी देना शुरू करें.

## हरी सब्जियां

अपने बच्चे की डाइट में सीजनल सब्जियां और हरी सब्जियां जरूर शामिल करें. अगर वो इनको देखकर मुंह बनाते हैं तो आप क्रिएटिव तरीके से उनकी डाइट में हरी सब्जियों को शामिल करें.

# भारतीय से बदसलूकी पर अमेरिका बोला- अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं

## वैध तरीके से आएं तो स्वागत; एयरपोर्ट पर छात्र को पटका फिर इंडिया भेजा था

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के न्यूजर्सी में भारतीय छात्र को जमीन पर पटकने, हथकड़ी लगाने और डिपोर्ट करने के मुद्दे पर भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को बयान दिया। दूतावास ने कहा कि अमेरिका में अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर लिखा- अमेरिका अपने देश में वैध यात्रियों का स्वागत करता है। हम अवैध एंट्री, वीजा का दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन कुणाल जैन ने रविवार को इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जैन ने एक्स पर लिखा- मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। जैन ने बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था, मैं पागल नहीं हूं, ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में एयरपोर्ट अधिकारियों ने छात्र को



जमीन पर पटका और उसे हथकड़ी लगाई। इसके बाद उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। कुनाल जैन ने कहा था, बच्चे वीजा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपने आने का कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की।

उन्होंने लिखा था, पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक्स पर लिखा, अमेरिका में लगातार भारतीय नागरिकों को अपमानित किया जा रहा है। हर दिन ऐसी खबरें आ रही हैं और नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। मोदी सरकार भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में नाकाम साबित हुई है। हमारी मांग है कि नरेंद्र मोदी को ट्रंप प्रशासन से भारतीयों के अपमान को लेकर बात करनी चाहिए। ये वक्त सरेंडर का नहीं है, ये वक्त अपनों के साथ खड़े होने का है।

न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। दूतावास ने लिखा कि हम इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।

हम भारतीय नागरिकों की भलाई के लिए हमेशा तत्पर हैं। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि कोई विदेशी छात्र बिना जानकारी कोर्स छोड़ता है, क्लास नहीं जाता या पढ़ाई बीच में छोड़ता है, तो उसका स्टूडेंट वीजा रद्द किया जा सकता है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने कुछ समय पहले एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। दूतावास ने किसी भी समस्या से बचने के लिए हमेशा अपनी वीजा शर्तों का पालन करने के लिए कहा।

दूसरी तरफ, ट्रम्प सरकार ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ 850 करोड़ रुपए (लगभग 100 मिलियन डॉलर) के कॉन्ट्रैक्ट को रद्द कर दिया है। यह फैसला 28 मई 2025 को लिया गया।

सरकार पहले ही इस आइवी लीग स्कूल के लिए 22 हजार करोड़ रुपए से अधिक की मदद रोक चुकी है।

# गाजा में उग्रवादी संगठन की मदद कर रहा इजराइल

## हमास का मुकाबला करने के लिए हथियार भी दिए, नेतन्याहू बोले – इसमें कोई बुराई नहीं

एजेंसी

गाजा, इजराइल सरकार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उसने गाजा में हमास का मुकाबला करने के लिए एक फिलिस्तीनी मिलिशिया को हथियार दिए हैं। गाजा में हमास का पिछले 2 दशक से कब्जा है। इजराइल तमाम कोशिशों के बावजूद हमास का पूरी तरह से खात्मा नहीं कर पाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजराइल ने गाजा में हमास को खत्म करने की जिम्मेदारी पॉपुलर फोर्सेज को दी है। इसका लीडर यासर अबू शबाब है। अबू शबाब खुद को आतंकवाद को मिटाने वाला कहता है, लेकिन कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरों और



अपराधियों का नेता मानते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी पिछले सप्ताह माना था कि उन्होंने गाजा में हमास को कमजोर करने के लिए उनके विरोधी संगठनों को अपना समर्थन दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इससे इजराइली सैनिकों की जान बचती है, तो इसमें क्या गलत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अबू शबाब एक समय छोटे अपराधों में लिप्त था। कुछ साल पहले हमास की पुलिस ने उसे चोरी और ड्रग्स की तस्करी के आरोप में जेल में डाल दिया था। 2023 के अंत में जब इजराइल और हमास के बीच जंग छिड़ी, तो इजराइली हवाई हमलों की आड़ में वह जेल से फरार हो गया। जेल से भागने के बाद उसने खुद का एक सशस्त्र संगठन पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया खड़ा कर लिया। पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया दक्षिणी गाजा में एक्टिव है। इसमें 100 से ज्यादा मेंबर हैं। ये लड़ाके फिलिस्तीनी झंडे और काउंटर-टेररिज्म यूनिट के पैच वाली वर्दी पहनते हैं। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पॉपुलर फोर्सेज इजरायली सेना के नियंत्रण वाले इलाकों में काम कर रही है। इजराइल ने हमास से जब्त किए गए हथियार, जैसे कि क्लाशिनकोव (एके 47) राइफलें भी इन्हें दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस पूरी योजना को इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने प्लान किया था जिसे प्रधानमंत्री नेतन्याहू तथा उनके सुरक्षा अधिकारियों ने भी मंजूरी दी। इजराइली सरकार का तर्क है कि यह रणनीति इसलिए अपनाई गई ताकि हमास को कमजोर किया जा सके और इजराइली सैनिकों की जान बचाई जा सके। हालांकि इस योजना की काफी आलोचना हो रही है।

# पाकिस्तान का कर्ज बढ़कर 76 हजार अरब रुपए पहुंचा

## वित्त मंत्री ने इकोनॉमिक सर्वे पेश किया; दो साल में अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटी

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान में सोमवार, 9 जून को इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 जारी किया गया। इसे वित्तमंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने पेश किया। सर्वे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में पाकिस्तान पर कर्ज बढ़कर 76000 अरब पाकिस्तानी रुपए हो गया। इसमें से 51500 अरब रुपए लोकल बैंकों से और 24500 अरब रुपए देश के बाहर दूसरे देशों या बैंकों से लिया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले दो सालों से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आया है। मौजूदा वित्त वर्ष में इसमें स्थिरता और मजबूती आई है। नकदी के संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था इस साल 2.7% की दर से बढ़ने की संभावना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में औरंगजेब ने बताया कि साल 2023 में जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत थी, जो 2024 में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में जुलाई से अप्रैल के बीच चालू खाता (करंट अकाउंट) में 1.9 अरब डॉलर का सरप्लस दर्ज हुआ। इसकी मुख्य वजह कळ सेक्टर से 3.5 अरब डॉलर का होने वाला निर्यात रहा। रेमिटेंस यानी जो लोग दूसरे देशों में पैसा कमाकर पाकिस्तान भेजते हैं, वो इस साल के अंत तक 37 से 38 अरब डॉलर पहुंच सकता है। दो साल पहले यह 27 अरब डॉलर था। 30 जून




2024 तक पाकिस्तान का फॉरेक्स रिजर्व्स यानी विदेशी मुद्रा भंडार 9.4 अरब डॉलर थे। 2023 में पाकिस्तान के पास सिर्फ दो हफ्ते के आयात के लिए ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा था। इस लिहाज से यह एक बड़ी रिकवरी रही। सर्वे के मुताबिक 2024 में देश का एक्सपोर्ट 27.3 अरब डॉलर रहा, जबकि इंपोर्ट 48.6 अरब डॉलर था। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था का साइज पिछले साल के 372 अरब डॉलर से बढ़कर 411 अरब डॉलर हो गया। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में 2017-18 से 2020-21 के बीच चरम गरीबी 4.9% से बढ़कर 16.5% हो गई। कुल गरीबी 39.8% से बढ़कर 44.7% हो गई। दूसरी तरफ भारत में 2011-12 से 2022-23 के बीच चरम गरीबी 27.1% से घटकर 5.3% रह गई। इसका मतलब है कि 26.9 करोड़ लोग 11 सालों में चरम गरीबी से बाहर निकले हैं। यह संख्या पाकिस्तान की पूरी आबादी से ज्यादा है। 2022-23 में भारत में 7.52 करोड़ लोग चरम गरीबी में थे, जबकि 2011-12 में 34.44 करोड़ लोग चरम गरीबी में थे। पाकिस्तान ने अब तक आईएमएफ से 44.57 अरब डॉलर के 25 बेलआउट पैकेज ले चुका है। इसके अलावा वर्ल्ड बैंक, एशिया डेवलपमेंट बैंक और इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक से 38.8 अरब डॉलर और चीन से 25 अरब डॉलर से ज्यादा का कर्ज ले चुका है।

इसके अलावा, सऊदी अरब, यूएई और पेरिस क्लब से भी अरबों डॉलर का कर्ज लिया है। पाकिस्तान को अगले चार सालों में 100 बिलियन डॉलर यानी करीब 8.4 लाख करोड़ रुपए का विदेशी कर्ज चुकाना है। वहीं जुलाई 2025 तक पाकिस्तान को विदेशी कर्ज और ब्याज मिलाकर 30.35 बिलियन डॉलर यानी करीब 2.56 लाख करोड़ रुपए चुकाने हैं।

# जराइल ने ग्रेटा थनबर्ग को वापस स्वीडन भेजा

## कल गाजा जाते वक्त हिरासत में लिया था; जहाज में लोगों के लिए मदद लेकर जा रही थीं

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अपनी हिरासत में मौजूद स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को वापस स्वीडन भेज दिया है। ग्रेटा को फ्रांस जाने वाले एक फ्लाइट में बैठाया गया है, जहां से उन्हें भेजा जाएगा। इजराइली सेना ने सोमवार को ग्रेटा और अन्य 11 साथियों को उनके मैडलीन नाम के जहाज समेत गाजा के तट के पास से अपने कब्जे में ले लिया था। जिसे बाद में इजराइल के अशदोद पोर्ट ले जाया गया। ग्रेटा 1 जून को इटली



के तट से गाजा के लोगों के लिए राहत सामग्री लेकर रवाना हुई थीं। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर ग्रेटा को डिपोर्ट करने की जानकारी दी है। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने एक वीडियो जारी किया था जिसमें ग्रेटा थनबर्ग और उनके साथियों को इजराइली नौसेना इजराइल ले जा रही है। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तंज कसते हुए लिखा- सेल्फी यॉट के सभी यात्री ठीक और सुरक्षित हैं। उन्हें सैंडविच और पानी मुहैया कराया गया है। शो अब खत्म हो चुका है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने ग्रेटा थनबर्ग और बाकी लोगों को हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का वीडियो दिखाने का आदेश दिया था। तुर्किये ने मैडलीन जहाज के रोके जाने की निंदा की है।

इस जहाज पर तुर्किये के एक कार्यकर्ता सुएब ओरडू भी सवार थे। विदेश मंत्रालय ने इजराइल के इस कदम को अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन बताया और कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि ईरान एक आतंकी राज्य की तरह बर्ताव कर रहा है। यह 12 सदस्यीय दल का एक हिस्सा है। ईरान ने भी इस घटना की निंदा की है और इसे समुद्री डकैती करार दिया है।

# लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करें

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र



**खड़गे ने आगे कहा कि हालांकि, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए रिक्त रहा है। सत्रहवीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था, और यह चिंताजनक मिसाल मौजूदा अठारहवीं लोकसभा में भी जारी है।**

एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे लोकसभा के उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे लोकसभा के उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को मेरा पत्र, बिना किसी देरी के लोकसभा के उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने की आवश्यकता पर। पहली से सोलहवीं लोकसभा तक, हर सदन में एक उपाध्यक्ष रहा है। मोटे तौर पर, मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों में से उपाध्यक्ष की नियुक्ति एक सुस्थापित परंपरा रही है। खड़गे ने आगे कहा कि हालांकि, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए रिक्त रहा है। सत्रहवीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था, और यह चिंताजनक मिसाल मौजूदा अठारहवीं लोकसभा में भी जारी है। यह भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं है और संविधान के सुविचारित प्रावधानों का भी उल्लंघन है। उन्होंने कहा, ₹भारत के संविधान के अनुच्छेद 93 में लोक सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के चुनाव का प्रावधान है। संवैधानिक रूप से, उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के बाद सदन का दूसरा सबसे बड़ा पीठासीन अधिकारी होता है। खड़गे ने कहा कि परंपरागत रूप से, उपसभापति का चुनाव नवगठित लोकसभा के दूसरे या तीसरे सत्र में किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव की प्रक्रिया अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया के समान ही है, केवल अंतर यह है कि उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथि लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 8(1) के अनुसार अध्यक्ष द्वारा तय की जाती है। पीएम को लिखे अपने पत्र में खड़गे ने कहा कि पहली से सोलहवीं लोकसभा तक हर सदन में एक उपाध्यक्ष रहा है।

# आतंक ने धर्म चुना, भारत ने कर्म चुना

## पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर बोले रक्षा मंत्री

**▸▸रक्षा मंत्री ने कहा कि आंतकवादियों को तो भारतीय सेना ने जवाब दे दिया है, लेकिन इस प्रकार की घटनाएँ भविष्य में न हों यह बात भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद अहम मुद्दा है। इसलिए मैं समझता हूँ, कि अब सिर्फ सरकारों के स्तर पर नहीं, बल्कि जनता के स्तर पर भी, इस बढ़ रहे आतंकवाद के खिलाफ सतर्क होने का समय है।**



एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक सशक्त संदेश में कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर नागरिकों को निशाना बनाया, जबकि भारत ने आतंकवादियों को उनके कर्मों के आधार पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमलों में आतंकवादियों ने जिस तरह धर्म पूछकर लोगों को निशाना बनाया, उसने पूरे देश को झकझोरा। वह हमला सिर्फ हमारे लोगों पर नहीं था, वह भारत की सामाजिक एकता पर किया गया हमला था। इसके खिलाफ भारत ने बड़ी और कड़ी कारवाई करते हुए पाकिस्तान में मौजूद आतंकी अड्डों और उससे जुड़े अन्य इंफ्राट्रक्चर को तबाह कर दिया। यह आतंकवाद के खिलाफ की गई भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी कारवाई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आंतकवादियों को तो भारतीय सेना ने जवाब दे दिया है, लेकिन इस प्रकार की घटनाएँ भविष्य में न हों यह बात भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद अहम मुद्दा है। इसलिए मैं समझता हूँ, कि अब सिर्फ सरकारों के स्तर पर नहीं, बल्कि जनता के स्तर पर भी, इस बढ़ रहे आतंकवाद के खिलाफ सतर्क होने का समय है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा अभिशाप है। यह मानवीय सभ्यता के सबसे अहम मूल्यों का दुश्मन है। आतंकवाद हमारे शांतिपूर्ण सह अस्तित्व और लोकतंत्र के लिए भी एक बड़ा खतरा है।

### कोई भी सभ्य देश इसे सहन नहीं कर सकता।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने हमेशा देखा है कि पाकिस्तान जैसे देश लगातार आतंकवाद को समर्थन देते आए हैं। यह कितना विरोधाभास है, कि भारत और पाकिस्तान दोनों एक ही समय आजाद हुए, लेकिन आज भारत को पूरी दुनिया में जहाँ की पहचान मिली है, वहीं पाकिस्तान बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवादियों को पनाह दी है, अपनी जमीन पर उन्हें ट्रेनिंग और कई तरह की मदद दी है। पहलगाम तो सिर्फ एक उदाहरण है, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के गुनाहों की लिस्ट बहुत लंबी है।

# सिर्फ 3 महीने में दिल्ली बर्बाद हो गई...

## अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी को कालकाजी के भूमिहीन कैंप में तोड़फोड़ विरोधी प्रदर्शन में हिस्सा लेने के बाद हिरासत में ले लिया।**

एजेंसी

दिल्ली पुलिस द्वारा तोड़फोड़ विरोधी अभियान के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी को हिरासत में लिए जाने के बाद, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शहर की स्थिति खराब करने का आरोप लगाया। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में केजरीवाल ने लिखा, ₹उन्होंने सिर्फ तीन महीनों में दिल्ली को बर्बाद कर दिया। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी को कालकाजी के भूमिहीन कैंप में तोड़फोड़ विरोधी प्रदर्शन में हिस्सा लेने



के बाद हिरासत में ले लिया। पत्रकारों से बात करते हुए आतिशी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा और रेखा गुप्ता को झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग श्राप देंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी कल इन झुग्गियों को ध्वस्त करने जा रही है, और मुझे आज जेल भेजा जा रहा है क्योंकि मैं इन झुग्गीवासियों के लिए आवाज उठा रहा हूं। बीजेपी और रेखा गुप्ता को झुग्गी वालों की हाए लगेगी।' ...भाजपा कभी वापस नहीं आएगी। सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दक्षिण दिल्ली के कालकाजी एक्सटेंशन में भूमिहीन कैंप के सभी निवासियों को एक आधिकारिक नोटिस जारी किया

# अगर वे पाकिस्तान में बहुत अंदर हैं, तो हम पाकिस्तान में बहुत अंदर तक जाएंगे...

## आतंकवाद को लेकर जयशंकर ने फिर चेताया

**जयशंकर ने पोलिटिको से कहा कि यह [पाकिस्तान] एक ऐसा देश है जो आतंकवाद को राज्य की नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करने में बहुत डूबा हुआ है। यही पूरा मुद्दा है।**

एजेंसी

भारत और पाकिस्तान के बीच संक्षिप्त लेकिन तीव्र संघर्ष की समाप्ति के लगभग तीन सप्ताह बाद, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भविष्य में आतंकवादी उकसावे के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की है। उन्होंने दोहराया है कि भारत स्थान की परवाह किए बिना जवाबी हमला करने में संकोच नहीं करेगा। यूरोपीय संघ के साथ उच्च स्तरीय व्यापार वार्ता के लिए ब्रुसेल्स की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान पोलिटिको के साथ एक साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा, ₹यदि वे पाकिस्तान में बहुत अंदर हैं, तो हम



पाकिस्तान में बहुत अंदर तक जाएंगे।₹ यह टिप्पणी हाल के महीनों में सीमा पार आतंकवाद पर भारत सरकार के सबसे कड़े रुख में से एक को दर्शाती है। जयशंकर ने पोलिटिको से कहा कि यह [पाकिस्तान] एक ऐसा देश है जो आतंकवाद को राज्य की नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करने में बहुत डूबा हुआ है। यही पूरा मुद्दा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या पिछले महीने की शत्रुता को भड़काने वाली परिस्थितियाँ अभी भी मौजूद हैं, तो उन्होंने कहा, ₹यदि आप आतंकवाद के प्रति प्रतिबद्धता को तनाव का स्रोत कहते हैं, तो निश्चित रूप से, यह है।₹ मई की शुरूआत में भारत प्रशासित क्षेत्र में एक घातक आतंकवादी हमले के बाद संघर्ष शुरू हुआ, जिसमें 26 नागरिकों, मुख्य रूप से हिंदुओं की जान चली गई। भारत ने हमले को प्रायोजित करने के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया, इस आरोप से इस्लामाबाद ने इनकार किया है। इस संघर्ष में दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच कई दिनों तक मिसाइलों का आदान-प्रदान और हवाई हमले हुए, जिसका समापन 10 मई को घोषित युद्धविराम में हुआ। दोनों देशों ने जीत का दावा किया, लेकिन घटनाओं के बारे में उनके अलग-अलग संस्करण थे। भारत ने शुरू में पाकिस्तान के कई भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के दावों को खारिज कर दिया।